संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
24 फरवरी 2025, सोमवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 145
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## पीएम मोदी ने बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट का किया शिलान्यास



**छतरपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर बागेश्वर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने बालाजी भगवान के दर्शन किए और बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आस्था का यह केंद्र अब आरोग्य का भी केंद्र बनने जा रहा है।

# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

## विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक जड़ा



**एजेंसी**

**दुबई ।** भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। 43वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन और कोहली को शतक के लिए पांच रन चाहिए थे। 43वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने एक रन लिया। फिर अगली गेंद पर अक्षर ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर विराट ने चौका लगाकर शतक भी पूरा किया और भारत को जीत भी दिलाई। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अब दो मैच जीत लिए हैं और सेमीफाइनल में पहुंचना का दावा मजबूत कर लिया है। वहीं, पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। उसे अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। भारत के दो मैचों के बाद चार अंक हैं, जबकि पाकिस्तान दो मैचों में खाता नहीं खोल सका है।

भारत को 223 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने हार्दिक पांड्या को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराया। वह आठ रन बना सके। भारत को 60 गेंद में 19 रन की जरूरत है। विराट कोहली को शतक बनाने के लिए 14 रन की जरूरत है। उनके साथ अक्षर पटेल क्रीज पर हैं।

भारत को 214 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने कोहली के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कोहली और हार्दिक क्रीज पर हैं। कोहली 51वें शतक के करीब हैं। भारत को जीत के लिए 20 रन चाहिए और कोहली को शतक के लिए 15 रन चाहिए।

37 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 201 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 81 रन और श्रेयस अय्यर 50 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 78 गेंद पर 41 रन की जरूरत है। श्रेयस ने वनडे करियर का 21वां अर्धशतक लगाया।

## बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष तैयार

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन विधायक दल की बैठक में दिए गए कई निर्देश

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार, 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। बजट सत्र को लेकर रविवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर इंडिया गठबंधन विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सत्ता धारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के कोटे से मंत्री और विधायक शामिल हुए। इनके अलावा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू भी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण



किशोर ने कहा कि बैठक में निर्देश दिया गया है कि विपक्ष के द्वारा उठाए गए सभी सवालों का सार्थक जवाब सत्ता पक्ष की ओर से संबंधित मंत्री देंगे। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान हर दिन कार्य अवधि शुरू होने से लेकर कार्य अवधि संपन्न होने तक मंत्री और विधायकों को विधानसभा में मौजूद रहना होगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सबसे पहले अपने विधायक दल के नेता का चयन करें। उसके बाद सत्ता पक्ष से सवाल जवाब करने की तैयारी करें। उधर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार बजट पेश करेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष विपक्ष के सवालों का माकूल जवाब देगी। बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है।

## एक भी वादे पूरी नहीं कर रही हेमंत सरकार, भाजपा सदन में सरकार को करेगी बाध्य

**संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित विधायक सीपी सिंह,राज सिन्हा, नागेंद्र महतो,नीरा यादव,सत्येंद्र तिवारी,शशि भूषण ,मेहता, नवीन जायसवाल, मनोज यादव,अमित यादव, मंजू कुमारी,रागिनी सिंह, पूर्णिमा दास, शत्रुघ्न महतो, प्रदीप प्रसाद, रोशन लाल चौधरी, उज्जवल दास,देवेंद्र कुंवर ,प्रकाश राम उपस्थित रहे। बैठक में आहुत विधानसभा सत्र के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मीडिया को संबोधित करते हुए विधायक नवीन जायसवाल



ने कहा कि राज्य सरकार जनादेश का लगातार अपमान कर रही है। सत्ता पाकर राज्य सरकार मस्त हो गई है और जनता परेशान है। श्री जायसवाल ने कहा कि अब तो नौकरी की परीक्षा ही केवल भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ी बल्कि दसवीं की परीक्षाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। हेमंत सरकार पेपर लीक की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है।बिना पैसे का ब्लॉक , अंचल में कोई काम नहीं हो रहा। विधि व्यवस्था ध्वस्त है।दिन दहाड़े हत्याएं हो रही।जमीन की लूट मची है।

कहा कि लाखों नौकरी का वादा कर सत्ता में आई सरकार 100...200नौकरी देकर अपना पीठ थपथपा रही है। बेरोजगारी भत्ता, 450रूपये में सिलिंडर की चर्चा तक नहीं कर रही राज्य सरकार। कहा कि भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सदन में सरकार को घेरेगी। एक सशक्त विपक्ष के रूप में भाजपा जनादेश का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

## एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम के तहत निकाली गई निशान यात्रा

**संवाददाता**

**दुमका ।** एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम को लेकर रविवार को शहर में निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथ में पताका लेकर विभिन्न मार्गों से गुजरे। निशान यात्रा में सैकड़ों के तादाद में श्याम भक्तों ने हिस्सा लिया। छोटी ठाकुरबाड़ी से निशान यात्रा निकाली गयी। शहर के श्री अग्रसेन भवन, नीचे बाजार, मारवाड़ी चौक, बड़ी ठाकुर बाड़ी, टीन बाजार और टाटा शोरूम होते हुए दादी श्याम मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुआ। निशान यात्रा में श्याम भक्तों के बीच कोलकाता से आए हुए नृत्य मंडली कलाकारों के द्वारा नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। निशान यात्रा में सूरजगढ़ राजस्थान से भी कलाकार श्याम भक्त पहुंचे हुए थे। यात्रा के दौरान श्याम भक्तों पर फूलों की बारिश एवं अबीर गुलाल उड़ाते चले जा रहे थे। दादी श्याम मंदिर में निशान यात्रा संपन्न



हुआ। सोमवार को मंदिर परिसर में पूजा कार्यक्रम चलेगा। सोमवार की रात में दुमका के यज्ञ मैदान में अखंड कीर्तन कलाकार प्रस्तुति देंगे।

अखंड कीर्तन कलाकार में प्रस्तुति देंगे। उसके बाद ईष्टदेव खाटू नरेश को 56 भोग लगाया जाएगा। रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। भक्ति जागरण एक शाम दुमका नरेश के नाम से आयोजित किया जाएगा। जिसमें कई बड़े कलाकारों के गीतों पर श्याम भक्त रात्रि जागरण करेंगे। इस वर्ष प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल, सौरभ शर्मा और पंकज अग्रवाल अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। साथ ही, शिवम पंसारी भी इस दिव्य संध्या का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम में बाबा का भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणी, श्याम रसोई का आयोजन किया जाएगा।

## रनिया में तीन नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**संवाददाता**

**खूंटी ।** रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातू गांव से निचितपुर जाने वाले रास्ते में कारो नदी के पास तीन आदिवासी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। तीन नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को लगभग 12 से अधिक नाबालिग किशोरों ने अंजाम दिया है। लड़कों के चुगुल में फंसी तीनों नाबालिग भागने में सफल रहीं। पुलिस एक दर्जन से अधिक लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पीड़ित सभी लड़कियां खूंटी की रहने वाली हैं और लोटा पानी(विवाह के पूर्व एक कार्यक्रम) में शामिल होने के लिए रनिया थाना क्षेत्र के एक घर में गयी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पांचो लड़कियां एक साथ घर लौट रही थी।

रास्ते में कारो नदी के पास लगभग एक दर्जन से ज्यादा लड़के पीछा करते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने पांचो लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया और अलग:अलग ग्रुप बनाकर चारो लड़कियों को अलग-अलग जगह पर ले गये। तीन लड़कियों ने दुष्कर्म की पुष्टि की है,जबकि एक लड़की का बयान नहीं लिया जा सका है। वह गांव में नहीं थी।

घटना के वक्त एक लड़की किसी तरह उनके चंगुल से छूट कर भाग गयी। वह दौड़कर उलिहातू गांव पहुंची तथा अपने गांव के लड़कों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सभी घटनास्थल पहुंचे। लड़कों को आता देख सभी आरोपित लड़के भाग गये। इसके बाद सभी पीड़ित लड़कियां अपने घर लौटी। लड़कियों ने डर से घटना की जानकारी उस समय घर वालों को नहीं दी। घटना को अंजाम देने वाले लड़कों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर बुरा परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। डरी-सहमी लड़कियों ने शनिवार की रात को घटना की जानकारी परिजनों को दी।

## टनल हादसे में फंसे झारखंड के चार मजदूर

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर टनल में फंसे श्रमिकों की ली जा रही है जानकारी

**संवाददाता**

**गुमला ।** तेलंगाना टनल हादसे में झारखंड के 4 मजदूर फंसे हुए हैं। चारों मजदूर गुमला जिले के रहने वाले हैं। सभी को बाहर निकालने का कार्य जारी है। टनल में फंसे झारंखड के चारों मजदूरों में सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद इन मजदूरों के परिवार वाले चिंतित हैं और ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सकुशल बाहर निकल आएं। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में झारखण्ड सहित अन्य राज्यों के कुछ श्रमिकों के फंसे होने की सूचना 22



फरवरी 2025 को मिली। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने तेलंगाना सरकार से संपर्क किया है।

टनल में गुमला के अलावा उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के श्रमिक फंसे हुए हैं। फिलहाल, एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने,रह नागरकुरनूल से संपर्क किया, उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम टनल में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अभी तक श्रमिकों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। टनल के अंदर की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गुमला के विभिन्न बधिमा (पालकोट), कुम्बा टोली (घाघरा), खटंगा-कोबी टोली (रायडीह), और करुंदी (गुमला प्रखंड) निवासी श्रमिकों की पारिवारिक जानकारी श्रम अधीक्षक और जिला प्रशासन, गुमला द्वारा रविवार को सत्यापित की गई। सत्यापन के दौरान परिजनों ने बताया कि सभी श्रमिक 3-4 वर्षों से तेलंगाना में कार्यरत थे। वे अपनी स्वेच्छा से वहां गए थे। वे वर्ष में एक बार अपने गांव आते-जाते रहते थे। हादसे की खबर से परिजन अत्यंत चिंतित हैं तथा अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उपायुक्त गुमला द्वारा लगातार स्थिति की जानकारी ली जा रही है।

# हिजला मेला में स्कूल-कॉलेज की छात्राएं कर रहीं संताली परिधान पंछी का प्रदर्शन




**विशेष संवाददाता**

**दुमका ।** जनजातीय हिजला मेला में बड़ी संख्या में आदिवासी स्त्री-पुरुषों की भीड़ जुट रही है।संताल परगना के दूर-दराज के गांवों से लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ हिजला मेला देखने पहुंच रहे है।मेला में जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है।दुमका के स्कूल-कॉलेज की छात्राएं पंछी और परहान में दिख रही हैं।पंछी और परहान झारखंड की संताल जनजाति के महिलाओं का पारंपरिक परिधान है।पंछी और परहान में निचला वस्त्र पंछी और ऊपरी वस्त्र परहान होता है।इस वर्ष हिजला मेला में विशेष रूप से संतालों के पंछी परिधान की प्रदर्शनी का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें स्कूल-कॉलेज की छात्राएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं।रविवार को पंछी प्रदर्शनी में शामिल प्रतिभागियों के साथ मंच पर सम्पन्न फोटो सेशन में शामिल होकर सिविल एसडीओ ने प्रतिभागी ट्राइबल छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

## हिजला मेला महोत्सव में शामिल हुए कई दिग्गज कवि, युवा कवियों ने किया कविता पाठ

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को फूलो झानो भीतरी कला मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। कवि सम्मेलन में कई दिग्गज कवि पहुंचे हुए थे। हिजला मेला महोत्सव में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर




दिया। संथाली, खोरठा, अंगिका, हिंदी, उर्दू सहित अन्य भाषा में कवियों ने शमा बांधा। अपना कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि कमलाकांत सिन्हा, मो. हनीफ,अमरेन्द्र सिन्हा,डा. रामचन्द्र राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष हेंब्रम, चुण्डा सोरेन 'सिपाही, नारायण मिश्र, धर्मणजय हेंब्रम, मनोज घोष, सौरव सिन्हा एवं विद्यापति झा ने कविता पाठ किया। इसी क्रम में युवा कवियों ने भी कविता पाठ कर सभी को अपना मुरीद बनाया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संयोजक के रूप में होड़ सोम्बाद के संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही रहे। सभी कवि को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## दुमका हिंजला़ मेला रे दुंगुत्-दुंगुत् भीड़



**खोबोरिया**

**दुमका।** दुमका रे राजकीय जनजाती हिंजला़ मेला महोत्सव 2025 बो़छो़र रेयाक् हो़ला दो़ तेसार दिन ताहेंकाना। नोआ जनजाती हिंजला़ मेला रे आयमा लेकानाक् आ़रीचा़ली एनेच् सेरेञको ओराम एना। नोआ रे सोर.सांगिञ खो़न ञेल हो़ड़को सो़हो़र सेटेर आकान ताहेंना। नोआ मेला रे का़टिच्-का़टिच् स्कूल गिदरा़कोवाक् स्पोर्ट, कविसेमेलेत्आक् तुञ, दो़ङ, लांगड़े एनेच् सेरेञ सांवते आयमा लेकान हापरावको हो़ं ओराम एना। नोआ हापराव रे स्कूल गिदरा़ दो़ सेलेत् कातेक् भागको हाताव केदा। जेलेबी दा़ड़, टुकुच् दालआक् तुञको रे आ़डी रा़सका़ सालाक् तेको सेलेत् एना। टुकुच् दाल रे पा़हिलजायगा दो़ सालोनी हेमब्रम ए हामेट केदा। नोआ मेला रे आयमा ग्रुप रे एनेच्-सेरेञको ओराम केदा, नोआ एनेच्-सेरेञ रे रामगढ़ टीमरेन प्रियंका किस्कु दो़य ला़ई केदा जे नोआ हिंजला़ मेना रे जाव बो़छो़र एनेच्-सेरेञ ला़गित् तेको हिजुक् काना। नोआ एनेच् सेरेञ रे पुरा़ टीम रेन दो़ल सालाक् ते नोन्डे हिंजला़ मेला रेको सेटेर आकाना। ओन्डे सुकुलाल हांसदा दो़य ला़ई केदा जे नोआ हिंजला मेला रे हेंच् कातेक् आ़डी रा़सका़ ले बुझा़उ केदा आर आले दो़ जाव बो़छो़र गे नोआ हिंजला मेला हापराव रेले सेलेदो़क् काना।

## आबादी के अनुपात में बजट में बढ़ोतरी और नौकरी में भागीदारी दे सरकारः आमया

**रांची ।** आमया संगठन ने आने वाले झारखंड के बजट सत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी के अनुपात में बजट में बढ़ोतरी और कल्याणकारी योजनाओं को शामिल करने की मांग की है।इसको लेकर संगठन की रविवार को पुरानी रांची में बैठक हुई। अध्यक्ष एस अली की अध्यक्षता में हुई बैठक में मॉब लिंचिंग की घटना को रोकने के लिए सत्र के दौरान बिल 2021 में संशोधन कर लागू करने और 4401 उर्दू सहायक शिक्षकों के पद को भरने का आग्रह किया है। एस अली ने बताया कि बजट में अल्पसंख्यक आबादी और उनके क्षेत्रों में प्लस टू आवासीय विद्यालय, तकनीकि शैक्षणिक संस्थान खोलने, स्वास्थ्य केंद्र खोलने, मल्टीपर्पस हॉल बनाने, सड़क नाली आदि का निर्माण करने का प्रस्ताव शामिल करने का आग्रह किया है। संगठन की बैठक में निर्णय लिया गया कि अल्पसंख्यक के न्याय,अधिकार, रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अप्रैल में मुस्लिम बुद्धिजीवियों की मीट रांची में किया जाएगा। इसमें झारखंड के दूसरे जिलों के दानिश्वर और समाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर आमया संगठन के केन्द्रीय पदाधिकारी जियाउद्दीन अंसारी, मो फुरकान, रहमतुल्ला अंसारी, नौशाद आलम, एकराम हुसैन, औरंगजेब आलम, मो सईद, अब्दुल गफ्फार, अफताब अंसारी, अब्दुल बारीक, सबदुल मल्लिक आदि शामिल थे।

## स्वर्णरेखा नदी से बालू उठाव के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**रांची ।** सिल्ली प्रखंड की स्वर्णरेखा नदी से बालू उठाव के खिलाफ रविवार को चोकसेरेंग गांव की महिलाओं ने दो घंटे तक विरोध-प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि बालू माफिया द्वारा इलाके से अवैध तरीके से प्रतिदिन अंधाधुंध बालू का उठाव किया जा रहा है। इससे नदी के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है। हालांकि बाद में बालू घाट के लोगों ने आकर समझाया तब जाकर महिलाएं शांत हुईं।

## 4 इंस्पेक्टर और 3 दारोगा का तबादला, 6 थानों में नए प्रभारी

**रांची ।** रांची डीआईजी सह एसएसपी ने रांची जिला के 6 थानों के प्रभारियों का तबादला किया है।जिन थानों के प्रभारी बदले गए हैं, उनमें डोरंडा, सदर, सुखदेवनगर, ईटकी, पिठोरिया व खलारी थाना के प्रभारी शामिल हैं।जारी आदेश के मुताबिक जयदीप टोप्पो को खलारी थाना का प्रभारी बनाया गया है। विजय कुमार सिंह पुलिस लाईन में योगदान देंगे। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को डोरंडा थाना का प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा को सदर थाना के प्रभारी के पद पर पदस्थापित किया गया है।इसी तरह अभय कुमार को पिठोरिया थाना का प्रभारी बनाया गया है, जबकि अभिषेक कुमार को सुखदेवनगर थाना के प्रभारी पद पर पदस्थापित किया गया है।दारोगा मनीष कुमार को ईटकी थाना प्रभारी के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

## भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गांव में सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**खूंटी ।** सरना धर्म सोतोः समिति, शाखा उलिहातु के तत्वावधान में रविवार को स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। धर्मगुरु जेठा पहान, सुखराम मुंडा, गोल्मा मुंडा और सनिका मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अथिति के तौर पर बुधराम सिंह मुंडा मौजूद थे। मुख्य अतिथि बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता और एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए समाज से छुआछूत और ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम और भाईचारा सदा कायम रहे। सरना धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों अक्षुण्ण बनाएं रखना हम सबका कर्तव्य है।विशिष्ट अथिति बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि भगवान सिडबोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति औँर श्रद्धा आती है और समाज में प्रेम और भाईचारा पनपता है। हमें समृद्ध समाज के लिए हमेशा समाज और संगठन के सिद्धांतों को अमल में लाना चाहिए।

## पेड़ से टकराई बाइक दो की मौत, एक गंभीर



**दुमका ।** नशे में धूत बाईक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दो बाईक सवार की मौत हो गई। वहीं घटना में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की देर रात विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र में घटी। दुर्घटना थाना से चंद कदम दूर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मु य गेट के समीप घटी। मृतकों का शिना त साहिबगंज जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव निवासी सोमाय हांसदा ( 30 )एवं बरहेट थाना क्षेत्र के हिरणपुर गांव निवासी संजला मुर्मू ( 20) के रूप में हुई। वहीं घायल सदर प्रखंड के दिग्घी ओपी थाना क्षेत्र के दीपक हे ब्रम है। दीपक विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड है। जानकारी के अनुसार दीपक अपने दोस्तों के साथ बाईक में सवार होकर सदर प्रखंड के बागडुब्बी एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने गया था। देर रात दीपक को पहुंचाने विश्वविद्यालय जाने के दौरान बाइक विश्वविद्यालय के मु य द्वार के समीप प्रिंटिंग दुकान के सामने महुआ के पेड़ से टकरा गई। इसमें एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही दीपक हे ब्रम बुरी तरह से घायल हो गया। दीपक का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मृतकों के परिजनों को दी। सूचना पर रविवार को परिजन दोपहर में दुमका पहुंचे। पुलिस मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाईक को पुलिस ने जब्त कर कार्रवाई में जुट गई है।

## किडजी बारगढ़ को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया




**रांची ।** किडजी बसारगढ़ का वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया बच्चों द्वारा फैशन ड्रेस कंपटीशन और कई गानों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किडजी बशरगढ़ स्कूल की प्रिंसिपल सीमा लाल ने सभी को धन्यवाद दिया इस स्कूल के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिजफोर्ड स्कूल की प्रिंसिपल सीमा चितलांगिया और तुपुदाना थाना प्रभारी ,और बीजेपी प्रवक्ता दीनदयाल प्रसाद उपस्थित थे।

# मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के बाद पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है : बाबूलाल



संवाददाता

**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के बाद पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। सरकार या पुलिस प्रशासन अब तक तय नहीं कर पाई है कि मैट्रिक पेपर लीक मामले की जांच सीआईडी करेंगी एसआईटी।

मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि इस बीच सूचना है कि पुलिस ने एक ही नाम के दो युवकों की गिरफ्तारी की है। अब तक कथित रूप से कोडरमा, मधुपुर से प्रिंस नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, तीसरे प्रिंस नाम के युवक की भूमिका भी पुलिस मान रही है। यदि इन्हें आरोपी के सहनाम के कारण गिरफ्तार या पूछताछ के लिए थाना लाया गया है, तो पुलिस इनसे संवेदनशीलता के साथ पेश आए। चूंकि जेएसएससी-सीजीएल मामले में झारखंड पुलिस के डीजीपी जांच की अंतिम रिपोर्ट आने से पहले ही बयान जारी कर छात्रों को दोषी ठहरा चुके हैं। इसलिए संभावना है कि मैट्रिक पेपर लीक मामले की लीपापोती कर निर्दोष लोगों के ऊपर आरोप मढ़ दिया जाए। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार, जैक और पुलिस के प्रतिनिधि उन लाखों छात्रों के सामने आकर मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक होने की माफी मांगे। साथ ही, उक्त प्रकरण के जांच की जानकारी सार्वजनिक करें। जांच के नाम पर निर्दोष युवाओं के साथ पुलिस की ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क से लेकर सदन तक इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

# कांग्रेस की तुलना में झारखंड को दिए 300 प्रतिशत अधिक पैसे : शेखावत



संवाददाता

**रांची ।** भाजपा प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को रांची के चेंबर भवन में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि केंद्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों के जरिये संचालित है जिसमें ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए एमएसएमई, बुनियादी ढांचे और नवाचार के लिए निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात प्रमुख है।

उन्होंने कहा कि इस बजट का लक्ष्य छह आयामों पर आधारित है, जिसमें विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावना को मजबूत करना शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने छह दशक के शासन में गरीबी हटाओ का केवल नारा दिया, लेकिन मोदी सरकार में पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। इससे देश में तेजी से मध्यम वर्ग बढ़े हैं।

उन्होंने कहा कि 2004 से 14के बीच झारखंड को जहां 56090 करोड़ रुपए मिले थे जो 2014से 24के बीच 2,26, 444करोड़ रुपए हो गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बढ़ता भारत बदलता भारत मोदी सरकार की देन है। यह प्रक्रिया 2047 में विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश भर में बुनियादी ढांचों को मजबूत कर रही। झारखंड में भी सड़क,बिजली,पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलता परिदृश्य केंद्र सरकार की देन है। कार्यक्रम में पद्मश्री मुकुंद नायक, संजीव विजयवर्गीय, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी,उषा पांडे, जितेंद्र वर्मा,विनय सिंह,संजीव चौधरी,राजू सिंह,सुरेश प्रसाद,पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह,प्रकाश साहू,रवि मुंडा समेत अन्य शामिल हुए।

## गिरिडीह में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा, छह गिरफ्तार




संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह पुलिस ने रविवार को जिले में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से लगभग 31 पीस अर्धनिर्मित माउजर के बट के साथ कई अन्य समान जब्त किया है। जिले के जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मिली बड़ी सफलता के बाद एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, एटीएस के डीएसपी विनोद रजवार समेत चार थानों के थाना प्रभारी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर बताया कि जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मोहम्मद दयसुद्दीन अपने घर पर इस मिनी माउजर फैक्ट्री का का संचालन कर रहा था। गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एटीएस और बंगाल एसटीफ के अलावा चार थानों की पुलिस ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर मिनी माउजर बनाने के समान जब्त किया है। बताया गया कि जब्त सामानों मै दो मशीन है जो किसी एसआर ट्रेडिंग से खरीदा गयी है। एक लेथ मशीन , ड्रिल मशीन , 15 केवीए का आयशर कंपनी का डीजी जनरेटर और 31 अर्धनिर्मित माउजर के लोहे को तैयार बट के साथ, गोली लोड करने वाले लोहे का 10 पीस पिछला हिस्सा, छह पीस लोहे का टुकड़ा, 31 पीस लोहे की पट्टी सहित एक बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा 17 हजार नगद रुपये ,एक मोबाइल जब्त किया गया है। एसपी ने बताया कि दयसुद्दीन अपने घर में मिनी माउजर पिस्टल फैक्ट्री का संचालन करने के साथ सहयोगियों के सहयोग से तैयार पिस्टल बिहार, झारखंड और बंगाल में सप्लाई करता था।जिसकी किमत लाखो में है। गिरफ्तार अपराधियो में दयासुद्दीन के साथ बिहार के मुंगेर के मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अफरोज और मुंगेर रामनगर थाना इलाके के सफियाबाद निवासी रूपेश शर्मा शामिल हैं।एसपी ने बताया कि मोहम्मद सोनू, मोहम्मद इमरान के खिलाफ बिहार के खुसरूपुर थाना में पहले से आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

## माइनिंग के लिए केबीपी कंपनी ने कड़ी सुरक्षा के बीच किया भूमि पूजन

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत कोतरे बसंतपुर पचमो में माइनिंग के लिए केबीपी कंपनी ने कड़ी सुरक्षा के बीच भूमि पूजन किया। रविवार की सुबह से ही भूमि पूजन के लिए केपी कंपनी के मालिक और कर्मचारी खड़े थे। इसके विरोध में दर्जनों गांव के ग्रामीण सड़क पर उतर आए। जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की ओर से लाख पहल किए जाने के बावजूद ग्रामीणों के जरिये कंपनी को काम करने के लिए सहमति प्रदान नहीं की गई। 12 घंटे तक लगातार ग्रामीण और अधिकारियों के बीच वार्ता चलती रही। अंततः देर शाम कंपनी के मालिक प्रणय अपने कर्मियों के साथ सिर्फ भूमि पूजन कर निकल गए थे। केदला वासरी से कोतरे गांव की तरफ घुसते ही हजारों की संख्या में ग्रामीण अधिकारियों को रोक कर बैठ गए थे। ना तो अधिकारियों की गाड़ी अंदर जा रही थी और ना ही कंपनी की गाड़ी और मशीन अंदर घुसने के लिए तैयार थी। लाख प्रयास के बावजूद मीनिंग करने के लिए कोई भी गाड़ी अंदर नहीं जा सकी। सीसीएल कोतरे बसंतपुर पचमो ओपन कास्ट माइंस के लिए 1011.87 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर चुकी है। जितने ग्रामीणों की जमीनें गई थी, उसका मुआवजा भी सीसीएल दे चुका है। इस एरिया में काम करने के लिए हैदराबाद की केबीपी कंपनी ने टेंडर लिया था। वर्ष 2021 में टेंडर होने के बावजूद यहां काम शुरू नहीं हो पाया। इतने बड़े एरिया में काम करने के लिए ग्रामीण नौकरी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## भाकपा में शामिल हुए 143 लोग



**रांची ।** भाकपा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में रविवार को 143 लोगों ने पार्टी का दामन थामा। रांची के कांके रोड स्थित गांधीनगर क्लब में एटक के राज्य सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार के लिए भाकपा पार्टी हमेशा लड़ती रही है। पाठक ने कहा कि देश की पूंजीवादी पार्टियां धर्म एवं जात के नाम पर लोगों को बांट रही हैं। देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पक्ष में कानून बनाया जा रहा है। एटक के राज्य सचिव अशोक यादव ने लाल झंडा की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। कार्यक्रम में पार्टी को मजबूत बनाने, झारखंड विधानसभा में बाबा भीमराव अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने, असंगठित मजदूरों को 26 हजार रुपये प्रतिमाह मजदूरी निर्धारित करने, मजदूरों के आठ घंटा काम और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी की मांग केंद्र और राज्य सरकारों से की गई। इन मांगों को लेकर 24 मार्च को विधानसभा मार्च करने का भी फैसला लिया गया।

## एचईसी ने दुकानदारों से बकाया किराया मांगा, 18 लाख तक का बिल थमाया

**रांची ।** आर्थिक संकट से गुजर रहे एचईसी ने आवासीय परिसर के दुकानदारों का किराया निर्धारण कर दिया है। प्लॉट आवंटित दुकानों के किराये में छह गुना बढ़ोतरी की गई है। वर्ष 2018 में प्लॉट वाली दुकानों का किराया 40 पैसे प्रतिवर्ग फीट था, जिसे वर्ष 2023 में बढ़ाकर 2.22 रुपये प्रति वर्गफीट कर दिया गया है। एचईसी की दुकानों के किराये का निर्धारण हर पांच साल में होता है। वर्ष 2023 के किराये का निर्धारण काफी विलंब से हुआ था और इसकी अधिसूचना नौ फरवरी 2024 को जारी की गयी। किराया निर्धारण के एक साल बाद दुकानदारों को दो दिन पहले से बिल भेजा जा रहा है। दुकानदारों को एक लाख से 18 लाख तक का बिल भेजकर भुगतान करने को कहा गया है। इसका एचईसी के दुकानदार विरोध कर रहे हैं। समय पर बिल का भुगतान नहीं करने पर विलंब शुल्क (डीपीएस) भी जोड़ा गया है। सभी शुल्क (डीपीएस) भी जोड़ा गया है। सभी दुकानदारों को बकाए का भुगतान जल्द करने को कहा गया है। दुकानदारों से वाटर शुल्क की बकाया राशि भी मांगी है।एचईसी में 1039 आवंटित दुकानें हैं। 900 ऐसी दुकानें हैं, जिन्हें प्रबंधन ने प्लॉट आवंटित किया है। इसकी दर वर्ष 2018 में 2.22 रुपये प्रति वर्गफीट थी। इसे बढ़ाकर अब 2.44 रुपये कर दिया गया है। वहीं, 140 दुकानें अस्थायी हैं, जिसकी दर 6.05 रुपये प्रति वर्गफीट तय की गयी है। वहीं, सेक्टर दो, सेक्टर तीन, रशियन हॉस्टल, दिल्ली कैंटीन, धुर्वा स्थायी दुकानों की दर 6.05 रुपये प्रतिवर्ग तय की गयी है। सेक्टर तीन के दुकानों में कारोबारियों के आवास का किराए में भी बढ़ोतरी की गयी है। प्रबंधन ने वर्ष 2023 में निर्धारित किराए के साथ वर्ष 2018 से बकाया, पानी का शुल्क और जीएसटी जोड़ कर बिल का भुगतान करने को कहा है। यह बिल वर्ष 2018 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक का है।इसके पहले एचईसी ने अवैध तरीके से किए गए निर्माण और अतिरिक्त निर्माण करने वालों को भी नोटिस दिया है। सभी से दुकानें हटाने को कहा गया है। दुकान नहीं हटाने पर जिला प्रशासन से दुकानों को ध्वस्त करने की बात नोटिस में कही गयी है। एचईसी कॉलोनी में कई लोगों ने अवैध तरीके से दुकानों का निर्माण किया है। ऐसे लोग एचईसी को किराया नहीं देते हैं और अवैध तरीके से पानी और बिजली का उपभोग करते हैं।

## सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण स्थल का मंत्री चमरा लिंडा ने किया निरीक्षण



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण स्थल का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने फ्लाइओवर निर्माण के विभिन्न पहलुओं को देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरना धर्मस्थल पर आदिवासी समाज पूजा-अर्चना करने जाते हैं। अगर सिरमटोली फ्लाईओवर की ऊंचाई कम रखी गई, तो वहां आने-जाने में श्रद्धालुओं को कठिनाई होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी। इसी कारण उन्होंने फ्लाईओवर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग रखी जिससे भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि सरना स्थल सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। वर्षों से यहां धार्मिक अनुष्ठान होते आ रहे हैं और यह स्थान समुदाय की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। मंत्री ने सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि आदिवासी भाषा, सभ्यता और संस्कृति की जीवंतता मूल रूप से बनाये रखना सबसे महत्वपूर्ण है। आधुनिक विकास कार्यों को करना महत्वपूर्ण है परंतु इससे आम जनमानस को नुकसान नहीं होना चाहिए।

## पेपर लीक मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा : डीजीपी

**रांची ।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। साथ ही कई अहम डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं, इसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही पेपर लीक गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मैट्रिक पेपर लीक मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पेपर लीक के तार कोडरमा से जुड़े पाए गए हैं और कोडरमा से ही कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, इस पेपर लीक में शामिल सभी लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है। बरामद डिजिटल डिवाइस से कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी अनुराग ने कहा कि जांच के दौरान झारखंड पुलिस को एक नई बात पता चल रही है कि कुछ लोग इंटरनेट और यूट्यूब पर पुराने प्रश्नपत्र अपलोड कर अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी राज्य के मासूम बच्चों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा तो झारखंड पुलिस उसे सलाखों के पीछे भेजेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि इस पेपर लीक के नेक्सस में शामिल किसी भी अधिकारी, शिक्षक और छात्र को हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस लगातार मामले पर कार्रवाई और अनुसंधान कर रही है।

## रांची के 05 अंचलों में दाखिल-खारिज शिविर में 990 मामलों का हुआ निष्पादन

**रांची ।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर आज फिर से जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 22 दिनों में ये तीसरा मौका है जब ज़िला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज़ से संबंधित शिविर का आयोजन कर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया।जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा नामकुम अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया



**रांची ।** कडरू स्थित सरना टोली में सरना स्थल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ के सांसद निधि से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आज विधिवत इसका शिलान्यास किया इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा रांची में ऐसे कई सरना स्थल है जिनका जिर्णोद्धार किया जा रहा है मंचों का निर्माण कराया जा रहा है और प्राथमिकता के आधार पर सारण स्थल के विकास का कार्य किया जाएगाद्य इस अवसर पर अरुण कुमार छछारिया श्याम हेमरोम रवि मुंडा अजय भंडारी चंपा मुंडा सुमित मुंडा डॉक्टर तन्मय डॉक्टर अजय इंद्रजीत यादव नीतू शर्मा शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे

## आरएसएस के महानगर शाखा का लगा महाकुंभ

**रांची ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर की ओर से रविवार को शाखा महाकुंभ का आयोजन धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मैदान में किया गया । सुबह में शाखाएं शुरू हुई और इसके बाद उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए शताब्दी वर्ष में तय किए गए लक्ष्य की ओर स्वयंसेवकों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने महानगर में संघ कार्य की वृद्धि में सभी स्वयंसेवकों को लगने का आह्वान किया।उल्लेखनीय है कि महानगर में कुल 107 शाखाएं तथा 35 मिलन चलती हैं। इनमें से 82 शाखाओं तथा 11 मिलनों का प्रतिनिधित्व इस शाखा महाकुंभ कार्यक्रम में हुआ । 16 नगरों की 156 बस्तियों में से 84 बस्तियों का प्रतिनिधित्व 1000 से अधिक स्वयंसेवकों के साथ शाखा महाकुंभ में हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद के साथ धनबाद निवासी झारखंड के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, महानगर संघचालक पवन मंत्री, सह संघचालक शशिकांत सहित नगर, महानगर, विभाग, प्रांत, क्षेत्र स्तर के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राजद ने की विपक्ष से सदन को शांतिपूर्वक चलने देने की अपील

**रांची ।** रांची के हरमू बाईपास रोड स्थित प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में पार्टी के विधायक दल की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने की। बैठक में सुरेश पासवान ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में राष्ट्रीय जनता दल के सभी विधायक सत्र चलने तक सदन में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी महागठबंधन के सरकार के सभी फैसलों के साथ है और राज्य सरकार की ओर से जनहित में लिए गए फैसलों पर सत्ता पक्ष विपक्ष को जबाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## जल संकट, बोरिंग से पानी नहीं निकलने पर ग्रामीणों ने किया विरोध



**बोरियो, साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पुआल पंचायत के दुमकी पहाड़िया गांव में ग्राम प्रधान चमरा पहाड़िया के अगुवाई में ग्रामीणों ने बोरिंग करने के बाद पानी नहीं निकलने पर किया विरोध। पुआल पंचायत के उप मुखिया जोश पहाड़िया ने बताया कि दुमकी पहाड़िया टोला में कुल 106 परिवार रहते है। गांव में पानी की काफी समस्या है। उन्होंने बताया कि शनिवार को पेयजल विभाग के द्वारा 900 फिट का बोरिंग किया गया है लेकिन पानी नहीं निकला। बोरिंग के कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि 900 फिट का बोरिंग किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बोरिंग के अंदर बाहर से पानी डाल दिया गया और प्रेशर देकर पानी निकाला गया उसका वीडियो बनाकर ले गए है। जेई दिलीप मंडल ने बताया कि उस गांव में 900 फिट का बोरिंग होना है स्थल निरीक्षण कर गहराई की जांच की जाएगी। इस मौके पर प्रधान चमरा पहाड़िया, पूर्व मुखिया सुंदरा पहाड़िया, पूर्व वार्ड सदस्य देबा सुरजा पहाड़िया, बंगरू पहाड़िया, मूर्या पहाड़िया सहित अन्य ग्रामीण

## स्वर्गीय मानिक उपाध्याय एवं पप्पू उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट- कल्या पंचायत बनी विजेता



**चितरंजन।** स्वर्गीय मानिक उपाध्याय एवं स्वर्गीय पप्पू उपाध्याय मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को लेफ्ट बैंक मैदान में आयोजित हुआ, जहां कल्या पंचायत ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अल्लाडी पंचायत को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट को देखने के लिए मैदान में खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे माहौल बेहद रोमांचक बन गया। इस भव्य आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियां सोनामणि साहा, अंतरा पाल और अपर्णा दे भी मौजूद थीं। उन्होंने स्वर्गीय मानिक उपाध्याय और स्वर्गीय पप्पू उपाध्याय की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही, उन्होंने गुब्बारे और कबूतर उड़ाकर शांति एवं खेल भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम में युवा नेता मुकुल उपाध्याय, जिला परिषद कर्माध्यक्ष मोहम्मद अरमान, ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के सह-अध्यक्ष भोला सिंह, श्रमिक संगठन अध्यक्ष मनोज तिवारी, बाराबनी विधायक की पत्नी सुचिस्मिता उपाध्याय और डिप्टी मेयर वासिमुल हक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।विजेता टीम कल्या पंचायत को 50,000 रुपये नगद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता अल्लाडी पंचायत को 40,000 रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों के अलावा एक खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की गई। आयोजकों ने भविष्य में इस टूर्नामेंट को और भव्य बनाने का संकल्प लिया।

## 38 सेमल बोटा अवैध लकड़ी जब्त



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/बरहरवा वन विभाग ने डीएफओ प्रबल गर्ग के निर्देश पर अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 38 सेमल बोटा लकड़ी जब्त किया है। यह अभियान मौजा-बुंदा बारा घाटी और बूढ़ीबस्ती पहाड़ में चलाया गया, जहां अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों को जब्त किया गया।वन विभाग की विशेष टीम ने यह कार्रवाई दो अलग-अलग स्थानों पर की। मौजा-बुंदा बारा घाटी से 13 सेमल बोटा और बूढ़ीबस्ती पहाड़ से 25 सेमल बोटा बरामद किए गए।वन विभाग अब इस मामले में संलिप्त तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है । इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री प्रबल गर्ग एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी श्री पंचम दुबे ने किया। जिनके साथ वन रक्षी राजेश टुडू, अमित कुमार, सुनील कुमार, पप्पू कुमार यादव और वनपाल राणा रंजीत चौधरी सहित अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

## शिवपुराण कथा का आज छठा दिन भक्तों में उमंग



**संताल एक्सप्रेस** साहेबगंज नगर के पुरानी साहेबगंज गंगेश्वर नाथ धाम घाट ओझा टोली में आयोजित शिवपुराण कथा का आज छठा दिन व्यास धनंजय वैष्णव महाराज ने गणेश उत्सव ,तरीकासुर वध ,तरिकसुर के पुत्रो का वध ,सती अनसुइया अत्रि ऋषि का प्रसंग व द्वादश ज्योतिर्लिंग का कथा व शिव लिंग कि महिमा का विस्तृत चर्चा किया.धनंजय वैष्णव महाराज ने बताया कि सम पर आना ही समारोह है ,शिव कथा हमलोगो कि घर घर कि कथा है ,शिव बाबा का देने का स्वभाव बनाना चाहिय? बाबा बांटते रहते है अपने अंदर का दुर्गुण और झूठा जीवन का मारना ही तरीकासुर का वध है.अपने चेतना कों उपर उठना ही शिव तत्व कि प्राप्ती है.शिव कथा के दरमियान भजन व आरती भी होता है 7 जिसमें ,हारमोनियम पर संजय व्यास ,तबला अशोक वादा ,बेन्जो ,रत्न बाबा ,शेड पैड पर जितेन्द्र जी ,झाल हजारी बाबा ,मंच संचालक नंद जी बाबा मौके पर मुख्य यजमान प्रमोद ओझा, आशा देवी पवन ओझा,लाली देवी ,त्रिलोकी नाथ ओझा, निर्भय ओझा, देव कुमार ओझा, , राम श्रृंगार ओझा, केदार नाथ चौबे, कौशल किशोर ओझा डब्लू ओझा, लालजी यादव, लालन यादव, सन्नी चौधरी व सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सहिबगंज ज़िला नशीले पदार्थ की खपत का बना बड़ा जोन

**नसीम**

**सहिबगंज।** नाशीले पदार्थ की खपत का अड्डा बन रहा है। एसपी अमित कुमार सिंह इस शहर के कमान को संभालते ही बड़े-बड़े खुलासे होने लगे हैं। गांजा अफीम की तस्करी होती ही थी इसकी आड़ में ब्राउन शुगर की भी खेप इस शहर में आने लगे।जिसमें स्कूल कॉलेज के लड़कों को अपने शिकंजे में कसते जा रहा है। कुछ समाज व बच्चों के भविष्य के दुश्मन चंद पैसों के लिए कितने लोगों की जिंदगी को बर्बाद करने पर तूला है। वहीं एसपी ने एक टीम गठित कर छापामारी के अभियान चलाया। इस दौरान पकड़े गए लड़कों से ब्राउन



शुगर की बरामद हुई ।उसके बाद से पुलिस पूरी तरह से चौकन्ना हो गई ।तभी राजमहल उधवा से लोगों की गिरफ्तारी होना शुरू हुई तभी पता चला कि साहिबगंज जिले में गांजा अफीम के साथ- साथ ब्राउन शुगर की भी कारोबार चल रही है।एसपी अमित कुमार सिंह ने साहिबगंज जिले को नशीली पदार्थ की कड़ी को पूरी तरीका से तोड़ देने का काम कर रही है। शहर के लोगों में उम्मीद जताए हुए हैं कि अपने बच्चों की जिंदगी किसी नशीली पदार्थ के गिरोह में ना आए और इसकी सुरक्षा हो एक उम्मीद की किरण साहिबगंज जिले वासियों को एसपी अमित कुमार सिंह से लगाए हुए हैं।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती को भगा ले जाने का मामला दर्ज



हिरणपुर (पाकुड़ )थानाक्षेत्र के एक युवती को शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर युवती के पिता के शिकायत पर हिरणपुर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। अपने शिकायत में पीड़ित पिता ने उल्लेख किया है कि बीते 15 फरवरी को मेरी पुत्री को साहेबगंज जिले के बोरियो निवासी कृष साहा द्वारा शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले जाया गया है। बहूत खोजबीन करने का बाद भी पुत्री का कोई पता नहीं चल पाया है। मामले को लेकर हिरणपुर कांड सं 22/2025 में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

## ट्रक एसोसिएशन का स्वेच्छिक व सांकेतिक हड़ताल को लेकर हुई बैठक



**साहिबगंज।** शहर के गर्ल्स हाई स्कूल के समीप अयोध्या धाम में रविवार को साहिबगंज एवं बिहार के भागलपुर ट्रक एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में आगामी दो एवं तीन मार्च को संगठन का स्वेच्छिक एवं सांकेतिक हड़ताल पर विचार विमर्श हुई।वहीं साहिबगंज संगठन के जिला अध्यक्ष तेजारत खान और सचिव अशोक गुप्ता ने कहा कि मिर्जाचौकी चेकनाका में पांच सौ रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। माइनिंग चालान में दूरी के आधार पर समय अंकित किया जाता है जो की मिर्जाचौकी में नो एंट्री होने के कारण झारखंड सीमा पर ही वैधता समाप्त हो जाती है। इन सभी समस्याओं को लेकर संगठन का एक शिष्टमंडल साहिबगंज उपायुक्त से मिलकर अपना ज्ञापन संकेत सौंपेंगे।

## निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत का तृतीय चरण स्वच्छ जल-स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम

**संवाददाता**

**जामताड़ा ।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की आदेशानुसार जामताड़ा नगर स्थित राजाबांध तालाब की साफ-सफाई की गई। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों,



कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। संत निरंकारी मंडल जामताड़ा ब्रांच के मुखी महात्मा प्रहलाद दास ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा। जामताड़ा में इस अभियान को पूर्व की भांति ÷स्वच्छ जल- स्वच्छ मन÷ के प्रेरक संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के लगभग 150-200 समर्पित स्वयंसेवक एवं सेवादारों ने मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। गीतों की संगीतमय धुन जागरूकता माध्यम से जल जनित रोगों और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित न रहकर आज की युवा पीढ़ी को समाज कल्याण की दिशा में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।कार्यक्रम सुबह सात बजे प्रार्थना के साथ राजा नित्यगोपाल सिंह के अध्यक्षता में सुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं व्यवसायी तरुण कुमार गुप्ता ने सभी स्वयंसेवको का उत्साह और लगन देखकर निरंकारी मिशन की भूरी-भूरी प्रसंशा किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता उज्वल महतो, सिकन्दर मंडल, भम्बल धीवर, नारायण, मिहिर, सरोज राउत एवं नगर के प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित थे।

## भारतीय हलधर किसान यूनियन कि हुई बैठक



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**/भारतीय हलधर किसान यूनियन कि बैठक रविवार को रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट साहिबगंज के मैदान में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप ने किया। किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं से जुड़ी कई बातों को साझा किया। अपनी पुरानी समस्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अब तक लाभुक किसानों का भुगतान न होने पर चिंता जताई। वही आम सहमति पर प्रस्ताव लिया।सबसे पहले पूर्व में लिए गए प्रस्तावों की संपुष्टि की गई। इस क्रम में किसानों का माह बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2024 में बीमित किसानों के नाम की सूची प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्यालय से संपर्क स्थापित कर प्राप्त किया जाए। किसानों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध करने की बात, किसानों को पेंशन योजना की सुविधा दी जाय सहित किसानों को सरकारी योजना को मिलने वाली लाभों को पंचायत स्तर पर किसानों के साथ बैठक कर दी जाय।वही कहा गया कि किसानों को अधिक से अधिक यूनियन के सदस्य बनाया जाय।इसी बीच चंद्रावती मौसमात से जुड़े किसान लोन का मामला बैठक में रखा गया। इस समस्या से भारतीय हलधर किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय नेता डॉ शैलेश गिरी को अवगत कराया गया। समस्या की निदान के लिए उन्होंने आश्वासन दिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक आज का संपन्न हुआ।अगला बैठक आने वाले रविवार को 12 बजे अपराह्न होगी।इस मौके पर लक्ष्मण यादव, बचन कुमार पाठक (जिला मीडिया प्रभारी),बासुकीनाथ चौबे,मनु प्रसाद यादव, राम सिहासन यादव ,रामप्रवेश यादव ,फूलचंद रजक उदय कुमार गुप्ता, रामानंद यादव, सुपन रविदास, रामवृक्ष रविदास, जागेश्वर मंडल ,उमेश चौधरी रुदल यादव, हृदय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा समितियों को कला संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया पुरस्कृत



संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज कला एवं संस्कृति के संबंध में कलाभूमि के संस्थापक कलाकार अमृत प्रकाश की पहल पर जिला भर में सरस्वती पूजा समिति को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कलाभूमि द्वारा कला संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु समय समय पर इस प्रकार का आयोजन किया जाता है, ताकि समाज में कला के साथ साथ संस्कृति, अनुशासन, सामाजिक चेतना का बोध होता रहे। इसी क्रम में आज पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार कुशवाहा सहित अन्य ने समिति के सदस्यों को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि एपीओ संजय कुमार, सार्जेंट कुमार संजय, समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल कार्यक्रम में भाग लेकर सभा को सम्बोधित किया। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि सरस्वती पूजा का जीवन में बहुत महत्व है।हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाएं किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता समाज को कलंकित करता है। आप सबों ने अच्छा प्रदर्शन किया है तभी तो इसका प्रतिफल के रूप में आप सब पुरस्कृत किए गए हैं। संजय कुमार ने बताया कि परंपरागत उत्सवों में सरस्वती पूजा सबसे पवित्र है जहां से हमें सरस्वती के वरदपुत्र बनने की प्रेरणा प्राप्त होती है जीवन में हम आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के सदस्य प्रो सुबोध कुमार झा के उद्घोष से हुआ। जिन्होंने अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का संचालन शहर के सुप्रसिद्ध उद्घोषक भगवती रंजन पाण्डेय ने किया। जिसके शब्दों का आगंतुकों ने भरपूर आनंदित किया। कार्यक्रम को समिति सदस्य सच्चिदानंद मिश्रा, कुमारी गरिमा, वासुकी साह, पत्रकार नवीन कुमार, पत्रकार अरविंद ठाकुर, राकेश साह, संस्थापक अमृत प्रकाश, प्राचार्य विरेन्द्र प्रसाद सिंह तथा समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल ने किया। सबों के प्रेरणादाई उद्बोधन से समिति के सदस्यों ने खुब तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया। अपनी चिर-परिचित हास्य व्यंग्य अंदाज में सार्जेंट कुमार संजय ने अतिथि सहित सभी दर्शकों का मनोरंजन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समिति द्वारा विगत 3 फरवरी से 5 फरवरी तक अपने भ्रमण और

## आरक्षी अधीक्षक ने किया मिर्जाचौकी थाना का निरीक्षण



**मंडरो,साहिबगंज।** आरक्षी अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मिर्जाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया।वहीं निरीक्षण के पूर्व मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के द्वारा अपने पुलिस पदाधिकारीयों के साथ एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।एसपी ने थाना परिसर में साफ सफाई,पुलिस पदाधिकारीयों की आपस में बैठक,रात्रि गश्ती सहित कई अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया।आरक्षी अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया, कि यह मेरा वार्षिक निरीक्षण है।जिसमें लंबित कांडों का अनुसंधान किया गया।जबकि कई दिशा निर्देश भी दिया गया है, बताया की मेरा उद्देश्य है कि यहां पर और भी बेहतर ढंग से कार्य हो इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है।यहां पर पुलिस पदाधिकारीयों के साथ आपस में बैठक करने की पहल शुरू किया गया है।उन्होंने यह भी कहा कि मिर्जाचौकी थाना परिसर में पड़े वाहनों की जल्द ही नीलामी होगी।मिर्जाचौकी थाना प्रभारी के द्वारा नीलामी के लिए साहिबगंज एसडीओ के पास प्रस्ताव भेजा गया है।प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद यहां पर नीलामी भी की जाएगी।मौके पर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव,एसआई पवन कुमार यादव,आबताव अंसारी,महेंद्र सिंह, एएसआई संजय सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## 6 अप्रैल को निकाली जाएगी शोभायात्रा सह अखाड़ा



**संताल एक्सप्रेस** हिरणपुर (पाकुड़ )आगामी 30 मार्च से 21 दिनों तक चलने वाले रामनवमी महोत्सव को लेकर शनिवार को मवेशी हाट परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में रामनवमी मेला कमिटी के अध्यक्ष पिन्टू भगत की अध्यक्षता में बैठक किया गया। उक्त बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। बैठक में राम कथा के लिए कथावाचक के रूप में अमड़ापाड़ा के पंडित रविशंकर मौजूद रहेंगे। वहीं 6 अप्रेल रामनवमी के दिन दोपहर 2 बजे से शोभायात्रा सह अखाड़ा निकाली जाएगी। झांकी की प्रस्तुति शोभायात्रा में सोनभद्र (कटप्पा) यूपी के द्वारा किया जाएगा। स्टेज कार्यक्रम भी इसी सोनभद्र यूपी कटप्पा टीम के द्वारा किया जाना है। साथ ही अन्य कई विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर सामिति के सचिव बिकाश रविदास, विशाल आर्य, उपाध्यक्ष बिपिन यादव, लक्ष्मण गुप्ता, जितेन्द्र दास, मुकुन्द यादव, प्रमोद साह,।दीपक साहा, बिक्की दास, बरुन रजक, कुन्दन दास, राजेश भगत, राजेश पंडित, मनोज बागती, बिनय भगत, सहदेव मण्डल, बाबुराम रविदास आदि थे।

## मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन



**बरहरवा/साहिबगंज संताल एक्सप्रेस** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत तेतुलीया एन.एच 80 सड़क किनारे जे.एस.ए इंटरप्राइजेज फेबर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभ उद्घाटन कोंग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास सहित भाजपा नेता छट्ठू लाल शाहा,मुखिया प्रतिनिधि आसराफुल शेख व कंपनी के कॉर्नर मुमताज खातून की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। उक्त उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बरकत खान ने कहा कि इस तरह की मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन होने से प्रखंड क्षेत्र वासियों को फेबर ब्लॉक ईट्टा से बनने वाले ग्रामीण सड़क आदि में बहुत सहूलियत होगा,साथ ही ये एक नई टेक्नोलॉजी वाली ब्लॉक ईंटे और चेकर्स है ,अगर घर के दीवारों और फर्श पर इसका उपयोग किया जाए तो एक नए अनुभव का एहसास होगा क्योंकि हमारे इलाके के लोगों के लिए ये बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है,वहीं प्रखंड बीस सूत्री ने कहा की इस तरह की फेबर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का ग्रामीण क्षेत्र में खुलने से लोगों को अपने कार्य करने के लिए बेहतर फेबर ब्लॉक ईट्टा अपने क्षेत्र में ही मिलेगा और लोगों का काम आसानी से होगा।वहीं मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के कॉर्नर मुमताज खातून ने कहा कि हमारे प्लांट में अलग-अलग क्वालिटी के फेबर ब्लॉक ईट्टा बाजार मूल्य से कम दामों में बेहतर फबेर ब्लॉक ईट्टा मिलेगा। किसी को भी सड़क संबंधित या अपने घर संबंधित फेबर ब्लॉक ईट्टा की अगर आवश्यकता है तो अवश्य हमारे मैन्युफैक्चरिंग कंपनी से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास,भाजपा नेता छट्ठू शह,कंपनी के कोकॉर्नर मुमताज खातून,कोंग्रेस नेता अश्वनी आनंद,मिर्जापुर मुखिया प्रतिनिधि आसराफुल शेख,साहिबगंज चेयरमैन तारीक़ अज़ीज़,इसराक अहमद,मोहम्मद जावेद,आलामगीर आलम,जयदूर शेख,सालिम जाहांगीर,असिकुल शेख,मोहम्मद हाशिम,नादीम अख्तर सहित अन्य मौजूद थे।

## नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने सांसद से की मुलाकात



**बरहरवा ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर व नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने रविवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा सांसद विजय कुमार हांसदा के निजी आवास कालीतल्ला में औपचारिक मुलाकात किया. साथ ही उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान किया. सांसद ने कहा जिला में हर वर्ग तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है! नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर तथा नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने कहा कि पार्टी ने जिस उद्देश्य से एक बार पुनः हम लोगों को प्रखंड कमेटी तथा नगर कमेटी में अध्यक्ष के रूप में जगह दी है. हम लोग पार्टी के उद्देश्य पर खड़ा उतरेंगे तथा पार्टी हित में क्षेत्र में कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे! मौके पर नगर सचिव मोहम्मद इकबाल हुसैन, नगर उपाध्यक्ष जहरूल शेख, सहीत अन्य उपस्थित थे!

## अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्त को गिरफ्तार

**उधवा।** राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग अलग जगहों में छापेमारी करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक रियासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांड संख्या 101/24 के नामजद आरोपित बाबू टोला निवासी शौकत शेख के विरुद्ध उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाई थी कि उसके पति समेत ससुरालवालों ने मिलकर दहेज को लेकर उसके साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। जबकि दूसरे घटना में कांड संख्या 176/24 के नामजद आरोपी पहाड़ गांव के सलीम शेख के विरुद्ध छेड़खानी का मामला दर्ज है। एक पीड़िता ने उक्त आरोपी पर छेड़खानी का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। वही राधानगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम गठित कर बाबू टोला व पहाड़ गांव में छापेमारी कर दोनों आरोपित को धर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय सहित अन्य थे।

# अतिक्रमण हटाने पर हंगामा, प्रशासन ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

## सरकारी काम में दखल देने पर लगेगा 1 लाख तक का जुर्माना

संवाददाता

**देवघर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी को लेकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विरोध बढ़ता देख देवघर एसडीओ रवि कुमार ने पुलिस प्रशासन को सख्ती बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के संबंध में पहले ही आदेश जारी किए गए थे और लगातार सूचना भी दी जा रही थी। बावजूद इसके, स्थानीय लोग प्रशासन की चेतावनियों को अनदेखा कर रहे थे। सरकारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य है,एसडीओ रवि कुमार ने कहा। यदि कोई सरकारी कार्य में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद देवघर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने भी चेतावनी दी कि सरकारी काम में हस्तक्षेप करने वालों पर 500 से 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम जारी रहेगी, और किसी भी तरह की बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शिव बारात की तैयारी पूरी, यह रहेगा रूट मैप

**देवघर ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित भव्य शिव बारात को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिवभक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और आयोजन समिति ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। शिव बारात 26 को निर्धारित रूट पर निकलेगी।

यह रहेगा शिव बारात का रूट मैप

शिव बारात स्टेडियम से प्रारंभ होकर फवारा चौक, बस स्टैंड, बाजला चौक, बजरंगी चौक, राय एंड कंपनी चौक, टावर चौक, आजाद चौक, बड़ा बाजार, भैरो बाजार, बुधराम शाह चौक, एसबीआई राय रोड, अवंतिका गली, कन्या पाठशाला, फवारा चौक, विद्यापति चौक, दौमासी, नरसिंह सिनेमा, शिक्षा सभा चौक, चांदनी चौक होते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचेगी।




# महाकुंभ 2025 के श्रद्धालुओं के लिए रेलवे की सौगात

## आसनसोल-झूसी के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन

संवाददाता

**देवघर।** आस्था और आध्यात्मिकता के महापर्व महाकुंभ मेला 2025 के लिए रेलवे ने श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात दी है। इस पावन आयोजन में लाखों श्रद्धालु प्रयागराज (झूसी) में संगम स्नान के लिए पहुँचते हैं, जिसके चलते भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा के लिए आसनसोल-झूसी के बीच एक जोड़ी अनारक्षित कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। रेलवे की घोषणा के अनुसार, यह विशेष ट्रेन 23 फरवरी 2025 से संचालित होगी। 03513 आसनसोल-झूसी अनारक्षित कुंभ मेला स्पेशल 23 फरवरी 2025 को रात 8:00 बजे आसनसोल से रवाना होगी। 03514 झूसी-आसनसोल अनारक्षित कुंभ मेला स्पेशल 24 फरवरी 2025 को झूसी से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चित्तरंजन, मधुपुर,



जसीडीह, झाझा, किउल जंक्शन, बरौनी जंक्शन, बछवाड़ा जंक्शन, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर जंक्शन, छपरा जंक्शन, बलिया, गाज़ीपुर सिटी, औंरिहार जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, बनारस और ज्ञानपुर रोड सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। 18 अनारक्षित सामान्य श्रेणी के डिब्बे होंगे, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित होगी, जिससे टिकट बुकिंग की जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी। रेलवे का यह कदम यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के कुंभ मेले तक पहुँचकर आस्था और भक्ति के इस महायोजन का लाभ उठा सकेंगे। रेलवे प्रशासन महाकुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त ट्रेनों, बेहतर भीड़ प्रबंधन और विशेष सुविधाओं को लेकर पूरी तरह तैयार है। अलग-अलग शहरों से कुंभ मेले के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। रेलवे का यह कदम भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और श्रद्धालुओं को बेहतरीन यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए किया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास है। महाकुंभ 2025 में श्रद्धालु संगम में पुण्य स्नान, आध्यात्मिक साधना और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। रेलवे की इस विशेष सेवा से भक्तों की यात्रा और भी सुगम व आनंदमय हो जाएगी।

# शिवबारात : बरातियों के स्वागत के लिये बाबा नगरी सज धज कर तैयार





संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से पर्यटन विभाग द्वारा निकाली जाने वाली भव्य शिवबारात की तैयारी अपने अंतिम चरण में हैं। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र व देवघर शहर में रंग-बिरंगे स्पाईरल लाईट से सुसज्जित विद्युत पोल की सुंदरता परस्पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। सिर्फ इतना हीं नहीं इसकी सुन्दरता रात्रि के समय देखने से ऐसा लगता है मानो किसी समारोह या उत्सव में पहुँचे हो।

इसके अलावा बाबा मंदिर के आस-पास के क्षेत्रों के अलावा सम्पूर्ण शिवबारात रुटलाइन और देवघर शहर के अन्य जगहों पर इन लाईटों को जगमगाते हुए आसानी से देखा जा सकता हे। जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि और शिवबारात के अवसर पर इन लाईटों को लगाने का मुख्य उद्देश्य यहाँ आए श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति प्रदान करना हैं, ताकि यहाँ के साज-सज्जा और सुन्दरता उनके मानस पटल में अविस्मरणीय रूप से लम्बे समय तक अंकित रह सकें। महाशिवरात्रि को शाम 6 बजे बाबा भोलेनाथ की बरात केके स्टेडियम से निकलेगी जो बजरंगी चौक, टावर चौक, आजाद चौक,भैरो बाजार, नरसिंह टॉकीज रोड, शिक्षा सभा,चांदनी चौक, बैद्यनाथ लेन होते हुए पूरब दरवाजा से मंदिर में प्रवेश करेगी। साथ ही बाबा के बारात में भूत-पिशाच,दैत्य, राक्षस के अलावा देवताओं की टोली शामिल रहेगी।

# बैंक कर्मियों ने किया देशव्यापी प्रदर्शन




संताल एक्सप्रेस संवददाता

**देवघर।** सरकारी नीतियों के खिलाफ यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के बैनर तले बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने भारतीय स्टेट बैंक, साधना भवन, देवघर के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। यह आंदोलन सरकार की नीतियों, बैंकिंग क्षेत्र में सुधार और कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर किया गया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें में बैंकों में पर्याप्त कर्मचारियों और अधिकारियों की भर्ती। पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू किया जाए। बैंकिंग क्षेत्र में सरकार का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद हो। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण पर रोक। ग्रेच्युटी नियमों में संशोधन और सरकारी कर्मचारियों के समान लाभ।

पीएलआई प्रणाली में सुधार और भेदभाव खत्म किया जाए। बैंक कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार पर कड़ी कार्रवाई। अस्थायी कर्मचारियों की जगह स्थायी नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के संयोजक मुन्ना कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में विभिन्न बैंक यूनियनों के वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी और अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ, अधिकारी संघ,यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक ऑफिसर एसोसिएशन, पीएनबी कर्मचारी संघ, इंडियन ओवरसीज बैंक सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार बैंकिंग क्षेत्र के निजीकरण की कोशिशों और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करती रही, तो यह आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने मांग की कि बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे।

## मारपीट व छिनतई का मामला दर्ज

**देवघर।** पाथरोल थाना क्षेत्र के सुग्गीपहाड़ी गांव में मारपीट व छिनतई का मामला सामने आया है। इस संबंध में पथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत सुग्गीपहाड़ी गांव निवासी मंसूर शेख 25 वर्ष,पिता नयामत शेख,द्वारा पथरौल थाना कांड संख्या 26/2025 बीएनएस के तहत शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की तथा उनकी जेब से नकदी निकाल ली। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और न्याय दिलाने की पूरी कोशिश की जाएगी।

## युवाओं ने थामा झामुमो का दामन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर कुंडा के दूधनिया में युवा जिला अध्यक्ष के नैतृत्व में सेकड़ो युवा ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का दामन थमा मौके पर मुख्य रूप से विक्रम राठौड़ विकी राउत मौजूद थे।युवा अध्यक्ष ने कहाँ की मुख्यमंत्री की कार्य शैली से प्रभावित होकर युवा वर्ग रोजाना बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ले रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर हर वर्ग का झुकाव है।युवा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष को देवघर जिला में झंडा धोने वाला कोई नहीं मिलेगा मौके पर मणिकांत दुबे सुजीत यादव देबू यादव दिलीप यादव गोपाल पासवान पंकज यादव अरविन्द यादव अंकित कुमार के साथ सैकड़ो युवा मौजूद थे।

## आसनसोल स्टेशन पर कुंभ मेला विशेष ट्रेन यात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की गई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** कुंभ मेला, दुनिया भर में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक समागमों में से एक है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के लिए यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की सुगम आवाजाही की सुविधा के लिए, पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने आसनसोल स्टेशन पर सावधानीपूर्वक और तत्पर व्यवस्था की, जिससे आज 23 फरवरी को आसनसोल से झूसी के लिए अनारक्षित कुंभ मेला विशेष ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों के लिए एक सुव्यवस्थित और निर्बाध यात्रा का अनुभव सुनिश्चित हुआ।यात्रियों की आवाजाही को कुशलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिए, वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया था, और भीड़ के प्रवाह को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्दिष्ट होल्डिंग क्षेत्र स्थापित किए गए थे। यात्रियों को उनकी संबंधित ट्रेनों के आधार पर व्यवस्थित रूप से वर्गीकृत किया गया था, साथ ही सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी के माध्यम से निरंतर निगरानी की गई थी।रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों ने सुचारू और



अनुशासित बोर्डिंग प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए कतारों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया। कड़ी निगरानी में, यात्रियों को चरणबद्ध तरीके से होल्डिंग क्षेत्रों से स्टेशन तक निर्देशित किया गया। यात्रियों के लिए पर्याप्त पेयजल सुविधाओं सहित आवश्यक अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। साथ ही आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए %क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ% जैसे बहुपयोगी बूथ स्थापित किये गये थे। आसनसोल से झूसी तक 03513 अनारक्षित महा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन के यात्रियों के लिए परेशानी मुक्त और सुरक्षित बोर्डिंग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ कर्मियों ने रेल कर्मचारियों के साथ मिलकर अपना सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त, आसनसोल से गुजरने वाली विशेष ट्रेनों को भी अच्छी तरह से समन्वित भीड़ प्रबंधन उपायों के साथ संभाला गया।

आसनसोल मंडल/पूर्व रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों ने इन व्यवस्थाओं के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित किया, जिससे महा कुंभ मेले की अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकलने वाले तीर्थयात्रियों को आरामदायक और अच्छी तरह से प्रबंधित यात्रा अनुभव प्रदान करने में योगदान मिला।

## गीता देवी डीएवी स्कूल में लीगल लिटरेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल,भंडारकोला में झारखंड राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के आदेश के आलोक में देवघर कानूनी सेवा प्राधिकरण के द्वारा गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में लीगल लिटरेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन हुआ। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज सह डीएलएसए के चेयरमैन आशोक कुमार , जज इन चार्ज सह जेएमएफसी देवघर प्रतीक रंजन,जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार,जेएमएफसी,देवघर श्रृष्टि घई,चीफ एलएडीसी,देवघर सज्जन कुमार मिश्रा,डिप्टी एलएडीसी राहुल कुमार सिंह, असिस्टेंट एलएडीसी अमित कुमार चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम संपूर्ण झारखंड के डीएवी स्कूल में एक साथ संपन्न हुआ।सज्जन कुमार मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की




विस्तृत जानकारी दी।

प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज सह डीएलएसए के चेयरमैन आशोक कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानूनी शिक्षा के माध्यम से ज्ञान प्रदान करना है । इसका उद्देश्य कानूनी अधिकारों,संवैधानिक दायित्वों,कानूनी सहायता के लाभों पर सूचना के अधिकार और विधिक सेवा प्राधिकरणो के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रणाली पर शिक्षा देना है। अनौपचारिक शिक्षण तकनीक के माध्यम से कानून को जन-जन तक पहुँचाकर कानूनी शिक्षा नागरिकों की चेतना बढ़ाने में मदद करेगी।

विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि क्लब द्वारा बाल शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार एवं कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग,बाल श्रम एवं विवाह की रोकथाम, वरिष्ठ

# मधुपुर की सरज़मीं पर सजी शायरी की महफ़िल, ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में शायरों ने बिखेरी अदब की रौशनी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** पटवाबाद,मधुपुर की सरज़मीं पर ÷तहरीके लेसान-ए-उर्दू÷ के बैनर तले एक ऐतिहासिक और यादगार ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस शानदार अदबी महफ़िल में शहर के मशहूर शायरों और कवियों ने अपने अशआरों से ऐसा समा बांधा कि लोग पूरी रात डटे रहे और बार-बार शेर दोहराने की फरमाइश करते रहे। इस बेहतरीन मुशायरे की अध्यक्षता मशहूर समाजसेवी और ÷कौमी बेदारी तहरीक÷ बंगाल के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अफरोज ने की। मंच का संचालन जाने-माने नकीब इम्तियाज अंसारी (आसनसोल) ने अपने लाजवाब अंदाज में किया और महफ़िल को पूरी रात रौशन रखा।इस शानदार कार्यक्रम में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण जल संसाधन मंत्री के प्रतिनिधि, मंत्री के छोटे भाई शब्बीर अंसारी, न्यूज़ लाइन के डायरेक्टर प्रिंस समद, समाजसेवी




हाजी अलाउद्दीन अंसारी जैसे गणमान्य व्यक्ति भी स्टेज पर मौजूद रहे और पूरी रात मुशायरे का आनंद लेते रहे।

महफ़िल की शुरुआत कुरान-ए-पाक की तिलावत से हुई। फिर इरशाद काशिफ की भांजी और नगर पार्षद शबाना परवीन ने उनकी ग़ज़ल पढ़कर माहौल को संजीदा बना दिया। इसके बाद एक-एक करके आए शायरों और कवियों ने अपनी बेमिसाल शायरी से महफ़िल को चार चांद लगा दिए।जिन शायरों ने बांधा समा, वो इस तरह हैं:-

1. शेकुल रहमान (कुलटी, बंगाल)
÷चांदनी रात थी, मौसम भी सुहाना थे मगर,तुम कहां हो गए रूपोश, बताओ तो ज़रा।÷2. यासीन साकिब (आसनसोल, बंगाल) अक्स काबा है मेरी आंखों में, या खुदा, मेरी मां की सूरत है!
3. जैनुल आबिदीन (कोलकाता, बंगाल) ऐसी पड़ी है मार, सब पूछ रहे थे,
गुंडे ने कोई सर पर वार किया था।÷
4. शालिनी सबा (रांची, झारखंड)
इसका उन्वान कोई और हुआ है शायद, अब नहीं करता कहीं जिक्र ग़ज़ल में मेरा।
5. मंजू कुमारी इशरत (कोलकाता, बंगाल) कभी मेरे लिए दिल बेक़रार मत करना,मैं किसी और की हूं, मेरा इंतजार मत करना।
6. अनीशा साबरी (कोलकाता, बंगाल) दूर कुछ और ना जाओ तो ग़ज़ल हो जाए, तुम मुझे और सताओ तो ग़ज़ल हो जाए।
7. वकी मंजर (पश्चिम बंगाल) डरता है मेरे सर सरे-नाला से आसमान, खुर्शीद का चिराग कहीं हो ना जाए गुल।
8. रोशन हबीबा रोशनी (इंटरनेशनल शायरा, झारखंड) मैं तुम्हारा प्यार पाने तेरे पास आ गई हूं, तुम्हें हाले-दिल सुनाने तेरे पास आ गई हूं।
9. कैसर इमाम कैसर (गिरिडीह, झारखंड) अदब से बैठिए आकर, ये सफ़ारों की महफ़िल है, यहां पर शम्मा जलती है, ये परवानों की महफ़िल है।
10. रियाज अहमद शम्स (गिरिडीह, झारखंड) यहां अहले-कलम, अहले-सुख़न बेज़ार बैठे हैं, अलम हाथों में लिए उर्दू का तैयार बैठे हैं।÷इसके अलावा अजीम शादाब,मेराज शग़फ़,अरुण निर्झर, धनंजय प्रसाद, डॉक्टर अंजार कलीम परवाना, ताहिर मधुपुरी, राजा मधुपुरी, अजीम मधुपुरी आदि ने भी अपनी बेहतरीन ग़ज़लें सुनाकर महफ़िल को और खुशनुमा बना दिया।

तहरीके लेसान-ए-उर्दू के सदस्यों मोहम्मद आमिर अख्तर, नूर आलम, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद रजाऊल, मोहम्मद कौसर की कड़ी मेहनत और लगन से इस अदबी महफ़िल का आयोजन मुमकिन हो पाया। यह पहली बार हुआ कि मधुपुर के पटवाबाद में इतनी बेहतरीन और कामयाब मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

उपस्थित लोगों ने एक-एक शेर का दिल से आनंद लिया और शायरों से बार-बार शेर दोहराने की फरमाइश करते रहे।

## प्रदूषण के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, अवैध डंपरों को रोककर किया प्रदर्शन



**चितरंजन।** रूपनारायणपुर बिहार रोड पर रविवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। छाई लदे डंपरों से हो रहे भारी प्रदूषण के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इन डंपरों से उड़ने वाली राख हवा में घुलकर सांस लेने में दिक्कत पैदा कर रही है, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के अनुसार, हर दिन 100 से 150 डंपर इस सड़क से गुजरते हैं, जबकि इनके संचालन की अनुमति नहीं है। लगातार उड़ती राख से सड़क और आस-पास का माहौल प्रदूषित हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रूपनारायणपुर फाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को हटाकर कई डंपरों को जब्त कर लिया। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## दुआ के साथ इज्तिमा का हुआ समापन, जमातों के लौटने का सिलसिला शुरू



**महागामा ।** प्रखंड स्थित खैराटीकर में तीन दिवसीय आलमी तब्लीगी इज्तिमा का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन झारखंड बिहार बंगाल से आए लाखों लोगों ने हाथ उठाकर खुदा से अमनो-अमान की दुआ मांगी। प्रशासन का अनुमान है कि आखिरी दिन यहां करीब दो लाख श्रद्धालु पहुंचे। इसी के साथ यहां से जमातों की रवानगी का सिलसिला शुरू हुआ, जो शोमवार तक जारी रहेगा। सामूहिक दुआ में शामिल होने के लिए लाखों धर्मावलंबियों की भीड़ के बीच आलम यह था कि जिसे जहां जगह मिली, उसने वहीं खड़े रह कर नमाज अता की और दुआ पढ़ी। दुआ से पहले अपने बयान में मौलाना साद सहाब ने कहा कि अपने ईमान को कायम रखो। यकीन डगमगाने पर ही मुश्किलें बढ़ती हैं। जिंदगी गफलत में न गुजारें। इज्तिमा का मकसद लोगों को मजहब और इल्म की राह पर ले जाने का है। मौलाना साद साहब ने कहा कि दुआ सिर्फ अपने लिए नहीं, दुनिया के हर एक इंसान की बेहतरी के लिए करनी चाहिए।

## कुड़मी सम्मेलन सह मेला संपन्न



**पथरगामा ।** प्रखंड अंतर्गत पीपरा हटिया टांड़ मेला मैदान में रविवार को एक दिवसीय कुड़मी महाजुटान सह झुमैर मेला का आयोजन टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता सह संथाल परगना प्रभारी दीपक महतो, राँची जिलाध्यक्ष सोनालाल महतो, ऋषिराज महतो, पप्पू महतो, कंचन महतो, संदीप महतो एवं विभिन्न गांवों के मुखिया तथा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम समारोह में बोकारो से चल कर आई कुड़मालि झुमैर गायिका रेवती महतो झूमर टीम ने कुड़माली संस्कृति परब त्योहार पर झूमर गाकर लोगों को खूब मनोरंजन कराया। कार्यक्रम में गोड्डा, दुमका, घनबाद, बोकारो, राँची, रामगढ़, दक्षिण दिनाजपूर से कुड़मी समाज के लोग उपस्थित हुए।

## केन्द्रीय बजट पेश किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की जिला स्तरीय परिचर्चा



**महगामा संवाददाता ।** भारत सरकार के केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा विगत दिनों केन्द्रीय बजट 2025-26 को देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में पेश किए जाने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिला स्तरीय परिचर्चा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।परिचर्चा संवाद कार्यक्रम में सबों ने केन्द्रीय बजट की सराहना की और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आभार व्यक्त किया। बजट पर अपनी बातों को रखते जिला महामंत्री मुरारी चौबे ने कहा कि यह बजट गांव ग्राम से जुड़े किसान, मजदूर, युवाओं और मां बहनों को समर्पित बजट है। जहां किसानों को लाभ पहुंचाने के किसान क्रेडिट कार्ड की राशि 3 लाख से बढ़ाकर अब 5 लाख रुपए कर दी गई है। माध्यम वर्ग के लोगों को लाभ मिले इसके लिए 12 लाख 75 हजार रुपए तक की आमदनी को कर से मुक्त रखा गया है। देश के वैसे 100 जिलों के 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए किसान धन-धान्य कृषि योजना की शुरुआत की गई है। परिचर्चा संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा के पुर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नन्द किशोर ठाकुर उर्फ पप्पू ठाकुर, पावन साह, विपीन भगत, श्याम रविदास, सुदर्शन मंडल, सुनील भगत, सिकन्दर ईश्वर इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

## छोलाबेड़िया जनकल्याण फाउंडेशन ने 20 युनिट रक्त संग्रह सहित 120 बृद्धों का की नेत्र जांच



कुंडहित (जामताड़ा) = छोलाबेड़िया बांधपाड़ा पूजा कमेटी एंव जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से नेत्र जांच एंव ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया गया । इस दौरान सिउड़ी आई अस्पताल की ओर से डां आरंधु राय, डां सेख बिलाल द्वारा 120 नेत्र मरिजों का नेत्र के विभिन्न तरह की जांच किया गया। जहां नेत्र की छानी आदि मरिजों का आपरेशन के लिए चिन्हित क्या-क्या। वही कैंम में 20 युनिट का रक्त संग्रह किया गया। कमेटी के अध्यक्ष चिन्मय कोनाई ने जानकारी देते हुए बताया हर साल के भाती इस साल भी छोलाबेड़िया जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से नेत्र जांच एंव रक्त संग्रह किया गया। उन्होंने बताया नेत्र जांच के लिए क्षेत्र में बुजुर्गों का काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान शिक्षक संजय वाद्यकर ने बताया ग्रामीण क्षेत्र किस किसको की अभाव के कारण लोगों का नेत्र जांच नहीं हो पाते हैं। मौके पर संगठन संचालक चांद मंडल, आनंद मंगल, शिवदास मंडल,बापी कर्मकार, सुमन मंडल, सुमन घोष, तन्मय मंडल ,माखन मंडल, आशुतोष घोष ,आलोक मंडल संजय मंडल सहित अनेकों उपस्थित थे।

## सभी नागरिकों को न्याय पाने का अधिकार : प्रधान जज



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गोड्डा ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में रविवार को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नालसा के शिशु प्रोजेक्ट के तहत जरुरतमंद बच्चों के पुनर्वास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्पानशरशिप की राशि का नियमित भुगतान से संबंधित पहलुओं की अद्यतन स्थिति पर विशेष फोकस किया गया। वहीं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराया गया।

इसी कड़ी में सदर प्रखंड में परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय, पैनल अधिवक्ता आशिष कुमार ,बीडीओ दयानंद जायसवाल,सीओ ऋषि राज, थाना प्रभारी दिनेश मोहली ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। परिवार न्यायायल के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने शिविर में आम लोगों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिकों को न्याय पाने का अधिकार है। कोई भी नागरिक न्याय से वंचित नहीं रहे और सभी को न्याय सुलभ हो इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसके लिए विधिक सहायता की व्यवस्था है। वंदियों, महिलाओं व समाज के अभिवंचित वर्गों के लिए मुफ्त विधिक सहायता मुहैया कराई जाती है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जबावदेह बनने की जरुरत है।

इस दौरान तीन लाभुकों को आबूआ आवास का स्वीकृति पत्र, चार लाभुकों को गृह प्रवेश कराने को लेकर चाबी सौंपी गई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में जेएसएलएपीएस आजीविका महिला समूह नेपुरा को 41 लाख रूपये का चेक दिया गया। आपूर्ति विभाग की ओर से चार लाभुकों को राशन कार्ड दिया गया। पोड़ैयाहाट प्रखंड मुख्यालय में अपर जिला जज तृतीय रीचा श्रीवास्तव , पैनल अधिवक्ता अरूण कुमार मंडल एवं अरविंद कुमार गुप्ता, पीएलवी चंपा कुमारी एवं अजय टुडू की उपस्थिति में मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज तृतीय रीचा श्रीवास्तव, बीडीओ फूलेश्वर मुर्मू आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया। इस दौरान 286 लाभुकों को सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर 45 लाभुकों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। कल्याण विभाग की ओर से दो लाभुकों को चिकित्सा अनुदान स्वीकृति पत्र दिया गया तथा नौ अन्य को विविध जानकारी को लेकर प्रपत्र दिया गया। दो समूहों के बीच चेक का वितरण, 15 असंगठित श्रमिकों के बीच कार्ड वितरित, एक को प्रसुति लाभ, एक श्रमिक को मृत्यु योजना के लाभ का चेक दिया गया। मनरेगा की ओर से 55 जाबकार्ड, पांच का धान बिक्री निबंधन, 46 लाभुकों को धोती-साड़ी, 10 को ग्रीन राशन कार्ड, 15 को पेंशन का प्रपत्र, 6 को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ सुनिश्चित कराया गया।इसी प्रकार अन्य प्रखंडों में भी शिविर आयोजित कर अभिवंचितों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया।

## डीएवी स्कूल में लीगल लिटरेशी क्लब का आन लाइन हुआ उद्घाटन



**गोड्डा ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रदेश के डीएवी ग्रुप के सभी स्कूलों में लीगल लिटरिशी क्लब की स्थापना की गई है। इसी के मद्देनजर जिले के महागामा स्थित उर्जानगर डीएवी पब्लिक स्कूल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना की गई है। इस लीगल लिटरेसी क्लब का आनलाइन उद्घाटन हाईकोर्ट के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। तत्पश्चात प्रभारी प्रधान जिला जज सह प्रथम अपर न्यायाधीश कुमार पवन, एलएडसी राहुल कुमार , प्राचार्य संजीव कुमार श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रभारी पीडीजे कुमार पवन ने कहा कि लीगल लिटरेशी क्लब से कुरीतियों पर लगाम लगेगी और बच्चों के माध्यम से समाज में जागरुकता आएगी।आम नागरिकों को भी कानूनी साक्षरता प्रदान करेगा, जिससे वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भलीभांति समझ सकेंगे। प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव ने इस पहल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय इस क्लब के माध्यम से छात्रों एवं समाज को कानूनी जागरूकता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इसके पूर्व छात्राओं ने स्वागत गान गाकर सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। वहीं क्लब से जुड़े सभी प्रतिभागियों व शिक्षकों ने झालसा से प्रशारित कार्यक्रम को देखा। विद्यालय की रूपल राज, प्रभात, प्रिंस, मेधांश एवं आदया ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर अधिकार मित्र सह पीएलवी नवीन कुमार झा, अविनाश कुमार सिंहा, धनंजय कुमार ,रोबिन यादव, शशि सुमन हांसदा, प्रमोद कुमार दास एवं रीतिका कुमारी , नवम कक्षा की छात्र-छात्राओं में मो. तोसिफ अंसारी, अनुपम राज, हर्षित मिलन, श्रेया सिंह, प्रीतम कुमार, जिसन सादिक, रुद्र कश्यप, ज्योति कुमारी, आद्या श्री, मोना कुमारी, रिद्धिमा कुमारी, रुपल राज, अष्टम कक्षा की छात्र-छात्राओं में मेधांश, चिराग कुमार, हिमांशु कुमार, प्रिंस त कुमार, ईसीका राज एवं सुमित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## आगैया, बादलाखो में चलाया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**नाला (जामताड़ा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तात्वधान में रविवार को आगैया, बांधलाखो आदि गांव में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव के आदेशानुसार एवं मार्गदर्शन पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें प्राधिकार के पी एल भी सह अधिकार मित्र अमित कुमार सिंह एवं प्रेम कुमार सिंह के द्वारा ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के द्वारा मिलने वाली निशुल्क विधिक सहायता, सड़क दुघर्टना दावा वाद एवं हिट एंड रन के तहत् मिलने वाली मुआवजा राशि आवेदन प्रक्रिया, नशा उन्मूलन,बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम , नालसा एवं झालसा के विभिन्न स्कीमों, नालसा के निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1500, सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया। इसी क्रम में पीछले दिन मिहिजाम थाना क्षेत्र में बिंदापाथर बांधलाखो गांव के निवासी चुनुलाल मूर्मू की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी पीड़ित परिवार से मिलकर मुआवजा हेतु सड़क दुघर्टना दावा वाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के माध्यम से निशुल्क दायर करने की जानकारी दिया गया साथ ही पीड़ित परिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के द्वारा मिलने वाली निशुल्क विधिक सहायता एवं सरकार के द्वारा मिलने वाली योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बलदेव मुर्मू,काजली मुर्मू, रानी हांसदा,बाबुधन टुडू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**चित्तरंजन।** फतेहपुर ब्लड डोनेशन क्लब ने अपनी 25वीं वर्षगांठ पर रक्तदान, नेत्र जांच और मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरपीएफ आईजी सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए रक्तदान को सर्वोत्तम दान बताया और सभी से नियमित रक्तदान की अपील की।गांधी क्लब एवं समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में 10 लोगों ने रक्तदान किया, 50 ने नेत्र जांच और 45 ने मधुमेह जांच कराई। कार्यक्रम में सीएलडब्ल्यू नेता नेपाल चक्रवर्ती, इंद्रजीत सिंह, विजय सिंह, रमाकांत झा, क्लब सचिव राजेश झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी ने योगदान दिया।

## सेवानिवृत शिक्षक के बंद घर से चोरों ने लाखों की सम्पत्ति चुराई

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** शनिवार की रात कुंडहित थाना के समीप मास्टर कॉलोनी में बंद सेवानिवृत्त शिक्षक खगेंद्र नाथ मंडल के घर से चोर लाखों की संपत्ति उड़ा ले गए। सेवानिवृत शिक्षक की पत्नी सुबह जब घर पहुंची तो देखा कि घर के सामने के दरवाजे का ताला कटा हुआ है। अंदर का दो रूम में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर में नगद सहित सोने का हार, कंगन, बाली आदि सहित करीबन पांच लाख की सम्पत्ति अज्ञात चोर उड़ा ले गए।उनकी पत्नी सरला मंडल ने कुंडहित थाना में लिखित रूप से जानकारी दिया। जानकारी मिलती ही कुंडहित थाना के एसआई श्रीराम पंडित एवं सरोज मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार सेवानिवृत शिक्षक खगेंद्र नाथ मंडल महीना भर से बेंगलुरु में इलाज हेतु गए हुए हैं । घर में पत्नी अकेली रह रही है। शनिवार की शाम को पत्नी सरला मंडल घर में ताला लगाकर कुंडहित बारमेशिया मोड़ स्थित बेटी के घर चली गई थी। रविवार की सुबह जब घर पहुंची तो मुख्य दरवाजा का ताला कटा हुआ है पाया तथा अंदर दो रूम का सामान चारों ओर बिखरा पड़ा हुआ था। घर में नगद 25 हजार सहित सोने की चैन, हाथ की कंगन, कान की वाली, कांसा के बर्तन आदि गायब था। इस संबंध में एसआई श्रीराम पंडित ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस हर हाल में चोर को ढूंढ निकलेगी।

## जिला विधिक सेवा, जागरूकता शिविर सह विकास मेला आयोजित



**मेहरमा ।** प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को विधिक सेवा सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर सह विकास मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गोड्डा से आए जे एम नरेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 विवेक कुमार सिन्हा, प्रभारी थानाध्यक्ष जुगनू महथा, बीस सूत्री अध्यक्ष शशांक शेखर सिन्हा मौजूद थे। वहीं इस जागरूकता शिविर सह विकास मेला के अंतर्गत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाएं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। उन्नति का पहिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल का भी वितरण किया गया। ग्रामीण, विकास विभाग के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की महिलाओं के बीच चक्रीय निधि से चार लाख पचास हजार का चेक प्रदान किया गया। जहां गोड्डा के जेएम नरेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी सहित गणमान्य अतिथियों द्वारा सभी विभागों के स्टॉल पर विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजना की जानकारी ली। इस दौरान अन्नप्राशन का कार्य भी किया गया। वहीं गोड्डा के जेएम नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन के दौरान उपस्थित लोगों से शिक्षा के महत्व को अवगत कराया एवं कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों के शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहना अत्यंत आवश्यक है। आपके बच्चे के शिक्षित से एक बेहतर समाज का निर्माण होगा। सरकार की योजनाएं को उन्होंने इस संबंध में भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया।इस मौके पर सभी विभागों के कर्मचारी अपने-अपने स्टॉल पर सहित इस शिविर में कई लोग मौजूद थे। जहां कार्यक्रम का संचालन अंचल कम्प्यूटर ऑपरेटर पुरुषोत्तम कुमार ने किया।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन महासंघ के चुनाव का बजा बिगुल, प्रचार प्रसार में जुटे प्रत्याशी



**जामताड़ा ।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन महासंघ के चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। इसी कड़ी में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू अपने प्रचार अभियान को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रहे हैं। रविवार को राहुल कुमार मुर्मू अपने समर्थकों और अपने ग्रुप के सभी प्रत्याशियों के साथ संथाल परगना के जामताड़ा जिला पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा जामताड़ा के सभी सदस्यों से मुलाकात की और अपने प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए राहुल कुमार मुर्मू ने कहा, यह पुलिस एसोसिएशन शाखा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि मेरा परिवार है। इस परिवार के हर सदस्य की भलाई और बेहतरी के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि वे चुनाव में विजय प्राप्त करते हैं, तो एसोसिएशन के सभी सदस्यों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी और उनके कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। संथाल परगना के जामताड़ा में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। राहुल कुमार मुर्मू ने अपने चुनावी मुद्दों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि पुलिस एसोसिएशन को एक नई दिशा देना है।राहुल कुमार मुर्मू ने पुलिस एसोसिएशन की मजबूती और पुलिसकर्मियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण वादे किए। उन्होंने कहा कि यदि वे महासंघ के अध्यक्ष पद पर काबिज होते हैं, तो निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा पुलिसकर्मियों के हितों की सुरक्षा - उनके वेतन, भत्तों और प्रमोशन संबंधी समस्याओं का निवारण। ड्यूटी के दौरान कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना - पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए विशेष सुविधाएं। काम के घंटे और वर्किंग कंडीशन्स को बेहतर बनाना - ओवरटाइम ड्यूटी और अन्य व्यवस्थाओं में सुधार। झारखंड पुलिस एसोसिएशन को और अधिक संगठित और प्रभावशाली बनाना - ताकि यह हर पुलिसकर्मी की आवाज बन सके।जामताड़ा में हुए इस प्रचार अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों में जबरदस्त जोश देखा गया। महासंघ चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और हर उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगा है। अब देखना यह होगा कि आगामी चुनाव में झारखंड पुलिस एसोसिएशन महासंघ की कमान किसके हाथों में जाती है।

## समन्वय स्थापित करते हुए विसंगतियों को करें दूर : डीसी



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म मे उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल कार्यान्वन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। वहीं बैठक के दौरान फसल बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोंबार्ड के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 के पोर्टल पर धान एवं मक्का क्षेत्र को बीमित किया गया है परन्तु कुल बुआई क्षेत्र के आंकडों में कुछ विसंगति है।उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए आकडों की जांच की जाए एवं विसंगतियों को दूर करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। मौके पर अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय कुमार नाग सहित सहकारिता विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर मधुरा में दो दिवसीय विराट कुश्ती का होगा आयोजन



**मेहरमा ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आगामी 27 एवं 28 फरवरी को प्रखंड के मधुरा ग्राम स्थित आजाद हिंद फौज मैदान में दो दिवसीय कुश्ती महोत्सव एवं संध्या में भक्ति कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र में हर वर्ष आकर्षण का केंद्र रहता है।मेले के अध्यक्ष सह मधुरा पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह के द्वारा किया जाएगा। आयोजन के पहले दिन श्रद्धालुओं के लिए संध्या में शिव पुराण कथा का विशेष आयोजन होगा, जहां स्थानीय एवं बाहरी कथावाचकों द्वारा भक्तिपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। मेला के दूसरे दिन होने वाले कुश्ती दंगल में देशभर के नामचीन पहलवान अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों से प्रसिद्ध पहलवान इस महादंगल में भाग लेने पहुंचेंगे। इस दौरान दर्शकों को रोमांचक कुश्ती मुकाबले देखने का मौका मिलेगा।आयोजन समिति ने बताया कि मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं, स्थानीय व्यापारियों द्वारा मेले में खाने-पीने और मनोरंजन के विभिन्न साधनों की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। मौके पर लाल बहादुर सिंह, मणिकांत सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ रिंकू, सनम सिंह, वीर कुंवर सिंह, रिकेश सिंह, पुरुषोत्तम साह, योगेंद्र पोद्दार, छोटेलाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जामिया मिलिया उस्मानिया ने किया दीक्षांत समारोह का आयोजन



**गोड्डा।** स्थानीय रौशनबाग असनबनी मोहल्ला स्थित जामिया मिलिया उस्मानिया में रविवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को मेडल एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न खेल संघ सचिव सह जिला कला संस्कृति संयोजक सुरजीत झा तथा विशिष्ट अतिथि के तौर हसन जमील के अलावा अन्य आमंत्रित अतिथियों में प्रो. फिरोज़ अखतर, मास्टर शरफुद्दीन साहब, उस्ताद नईम इबरत, एडवोकेट निसार अहमद, वार्ड पार्षद शहादत अंसारी, हाजी जुबैर साहब, कवि प्रकाश यादव एवं एडवोकेट अफ़सर हसनैन मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री झा ने तालीम की अहमियत और ज़रूरत पर ज़ोर देकर तालिम को आम करने की बात कही। कहा कि जब तक आप शिक्षित नहीं होते तब तक आप हासिए में रहेंगे। एजुकेशन डिपार्टमेंट में एक्सिलेंस वर्क के लिए जमील हसन को सम्मानित किया गया। जमील हसन ने भी स्कूल जामिया मिल्लिया उस्मानिया को एक उगता हुआ चिराग बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की यह भीड़ स्कूल के कामयाबी की दलील है। एडवोकेट अफसर हसनैन ने स्कूल के डायरेक्टर अहमद फिरोज़ की सराहना करते हुए एदारे को अपनी कड़ी मेहनत से स्कूल को बुलंदियों पर ले जाने की हिदायत दी।

## ग्रामीणों की मांग पर जेएलकेएम जिला सचिव ने दिया आश्वासन, जल्द होगा समाधान



कुंडहित (जामताड़ा) =कुंडहित प्रखंड के जोरबाहिंगा टोला डंगालपाड़ा गाँव के ग्रामीणों ने अपने राशन डीलर के स्थानांतरण की मांग को लेकर जेएलकेएम जेएलकेए जिला सचिव अशोक घोष से मुलाकात की और अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले वे काटना राशन डीलर से राशन प्राप्त करते थे, लेकिन उनके निधन के बाद अब उन्हें अमलादही राशन डीलर से राशन लेना पड़ रहा है। अमलादही गाँव बहुत दूर है, जिससे ग्रामीणों को राशन लेने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के मौसम में नदी पार करना जोखिम भरा हो जाता है, जिससे राशन प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। जेएलकेएम जिला सचिव अशोक घोष ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उपायुक्त महोदया को एक पत्र लिखा और आश्वासन दिया कि प्रशासन से जितनी जल्दी संभव हो सके, सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए जिला सचिव का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि जल्द ही उनकी मांग पूरी होगी।

# हिजला मेला रे संताली आर हिन्दी ओ़नो़ड़हें पाड़हाव सेलेमेत् ओराम एना, टोठाकिया़ ओ़नो़ड़हिया़को सेलेत् एना

**खोबोरिया**

**दुमका ।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला 2025 रेयाक् ओ़पसो़र रे आठवार हिलोक् मेला छाटका रे मेनाक् फूलो झानो मुर्मू भीतरी कलामंच रे टोठारिया़ ओ़नो़ड़हिया़कोवाक् सेमेलेत्, कवि स मेलन ओराम एना। ओ़नो़ड़हें पाड़हाव का़मीहो़रा आखड़ा दो़ 3.30 बजे तायो़म एहो़प् एना आर 5.30 बजगान हा़बिच् होय एना। नोआ सेमेलेत् रे संताली ओ़नो़ड़हिया़ आर हिन्दी ओ़नो़ड़हिया़को रा़सका़ सालाक्को सेलेत् एना। टोठारिया़ ओ़नो़ड़हिया़ दो़ आपान-आ़पिन ओ़नो़ड़हें पाड़हाव काते मेला रे हेच् आकान ञेञेलिया़को पाड़हाव आञ्जो़म मो़गो़न ओचोकेत्कोआ। संताली ओ़नो़ड़हिया़को रे मा़नती सोहागिनी टुडू दो़ (ञिन्दिर-हु़ती) ओ़नो़ड़हेंय पाड़हाव आञ्जो़मात्कोआ। नोआ साँवते संतालीओ़ना़ड़हिया़को रे मान रघुनाथ हाँसदा, मान मिथुन, मान धर्मजय हे ब्रम, मान शिबलाल मराण्डी 'बेचारा', प्रेमप्रकाश मुर्मू, मान साइमन हाँसदाक् 'मा़हिर मो़न', मान चुण्डा सोरेन 'सिपाही' आर हिन्दी भाषा रेन गा़खुड़ ओ़नो़ड़हिया़को साँव-साँवते प्रो अंजुला मुर्मू हों आयाक् दामानाक् ओ़नो़ड़हेंय पाड़हाव आञ्जो़मात्कोआ। नोआ ताक रे दुमका जिला रेन पदाधिकारीको होंको ताहेंकाना। नोआ हिजला मेला ञेल आर आञ्जो़मजो़ङ ताक रे सोर सा़गिञ खो़न सेटेरेन आ़डीगान ञेञेलिया़को होंको ञेल मा़लुङ एना।






# इंडोर स्टेडियम दुमका रे ताइक्कांडो बेल्ट ग्रेडिंग बिडा़उ ओराम एना

**खोबोरिया**

**दुमका।** 23 फ़रवरी 2025 इंडोर स्टेडियम दुमका रे झारखंड राज्य महिला ताइक्कांडो संघ रेन अध्यक्ष आर दुमका जिला ताइक्कांडो रेन सचिव स्मिता आनंदाक् आ़युर रे वाइट टू येलो आर येल्लो टू ग्रीन, ग्रीन टू ग्रीन वन, ग्रीन वन टू ब्लू, ब्लू टू ब्लू वन, ब्लू वन टू रेड, रेड टू रेड वन ताइक्कांडो बेल्ट ग्रेडिंगको ओराम केदा। नोआ रे वाइट टू येल्लो रेन 6 गो़टेच् आर येल्लो टू ग्रीन बेल्ट रेन 4 गो़टेच्, ग्रीन टू ग्रीन वन रेन 6 गो़टेच्, ग्रीन वन टू ब्लू रेन 8 गो़टेच्, ब्लूटू ब्लू वन रेन 6 गो़टेच् गिदरा़, ब्लू वन रेड रेन 6 गो़टेच् गिदरा़, रेड टू रेड वन रेन 5 गो़टेच् गिदरा़को (टोटल 41) हापराव रेको सेलेत् एना। नोआ रे वाइट टू येल्लो रेयाक् बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम सोना दास, सुकृति दास, जोई मर्सी हांसदा, दिव्यांश शेखर, शीला जीत, अभिषेक मुर्मू, येल्लो टू ग्रीन बेल्ट रेन बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम दो़ चेतना कुमारी, शा भवी कुमारी, सोहन मुर्मू, आदविक साहू, ग्रीन टू ग्रीन वन रेन बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम दो़ विद्या कुमारी गुप्ता, सान्वी राणा, अनामिका सिन्हा, सान्वी श्री, पर्युष प्रांजल हेरेंज, कुमारी दिब्या, ग्रीन वन टू ब्लू रेन बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम दो़ रितिष्का पाठक, देवांश किशोर, अली रजा अंसारी, अल्तमश अजमद,आराध्या सिंह, सान्वी मंडल, अदिति मंडल, कुमारी दिब्या, ब्लू टू ब्लू वन रेन बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम दो़ अर्णव सिंह, सौमया,शौर्य संजीव, अशी मरांडी, अविक मरांडी, रितिष्का पाठक, ब्लू वन टू रेड रेन बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम दो़ सौमया, शौर्या संजीव, अभिषेक सोरेन, स्वेता मुर्मू, सायन्तिका सेन, अर्णव सिंह, रेड टू रेड वन रेन बिडा़उ एमो़क्को गिदरा़कोवाक् ञुतुम दो़ सौमया,शौर्या संजीव, श्रेया जैसवाल, सायन्तिका सेन अर्णव सिंह एमानको सेलेत्को ताहेंकाना। झारखंड राज्य महिला ताइक्कांडो संघ रेन अध्यक्ष आर दुमका जिला ताइक्कांडो सचिव स्मिता आनंद दो़ खो़बो़रे एम आकाना जे 15 दिन भितरी ते गे बिडा़उ रेयाक् रिजल्टको सारसादलेया। ताइक्कांडो इतुन एमो़क्को रे शिखा अनाद, चंदन सोनकर, विशाल मरांडी आर रेफ्री ट्विंकल कुमारी आर सांवते गिदरा़को रेन एंगात-आपातको सेटेरआकान ताहेंना।



# हिंजला़ मेला रे मेला समितियाक् का़मी ते आतो हो़ड़ आर आदिवासी संठनको उसा़त् एना

- ओ़लचिकी लिपि ते बो़लो़न दुवार आर बैनर बाङ ओ़ल आकात् काथाको मेतावादा पुरा़ आदिवासी सोमाज रेयाक् ओ़पो़मान
- मेन केदाकोः ओ़लचिकी लिपि ते बो़लो़न दुवा़र आर बैनर बाङ ओ़ल लेखान जो़मकावातेको बिरोधा



**खोबोरिया**

**दुमका।** 135 बो़छो़र मारे पो़नो़तिया़ जनजातीय हिंजला़ मेला दो़ प्रखंड रेयाक् हिंजला़ आतो रे जाव बो़छो़र होयोक् काना। नोआ धाव नोआ मेला दो़ 21 फ़रवरी हिलोक् 28 फ़रवरी हा़बिच् ओरामो़क् काना। मेला रेयाक् उद्घा़उ दो़ हिंजला़ रेन मा़ंझी बाबा सुनीलल हांसदा गेय उद्घा़वेदा। सिंगेमाहां हिलोक् हिंजला़ आतो रे हिंजला़ आतो रेनमा़ंझीबाबावाक् आ़युर रे हिंजला़ आतो रेन हो़ड़ आर जुदा़-जुदा़ आदिवासी संगठन दो़ कुल्ही दुपुडु़प्को होय ओचो केदा। दुपुडु़प् रे मेला समितियाक् का़मी रे हिंजला़ आतो रेन हो़ड़ सांव-सांवते आदिवासी सामाजिक संगठन दो़ उसा़त् सो़दो़र तुलुच्को मेन केदा जेआदिवासी ञुतुम ते नोआ मेला दो़ होयोक् काना। मेनखान ओका रे हो़ंमेला समिति सेच् खो़न संताली ते बैनर आर बो़लो़न दुवा़र दो़ बाडलागावाकाना। नोआ खो़न लाहा बो़छो़र दो़ लागावाकान ताहेंकाना। नोआदो़ आदिवा़सीको ते पेरेच् टोठा काना। आतो हो़ड़ आर संगठन दो़को मेनेत् काना जे हिंजला़ आतो रेन हो़ड़ आर जुदा़-जुदा़ सामाजिक संगठन दो़ बो़लो़न दुवा़र आर बैनर एमानको रे संताली पा़रसीरेयाक् ओ़लचिकी लिपि ते ओ़ल ओचोय ला़गित् ते दारखास दो़ मेलासमिति लाहा रे गेको एम आकावादे ताहेंकाना, एन काते रे हो़ंओ़लचिकी लिपि ते बो़लो़न दुवा़र आर बैनर बाङ ओ़लाकान दो़ पुरा़ आदिवासी सोमाज रेयाक् ओ़पो़मान काना। मेला समितियाक् 27 जनवरी 2025 हिलोक् ओरामेन दुपुडु़प् रे हो़ं नोआ निर्देश लेना जे जो़तो़ बो़लो़न दुवा़र दो़ रे ओ़लचिकी लिपि ते ओ़लमा। नों़का लेका जो़तो़बो़लो़न दुवा़र रे हिन्दी आर संताली ओ़लचिकी लिपि ते लाइट डिस्पले काते हो़ं उदुक् लेना, मेनखान मेला एहो़बो़क् खो़न मित् दिन लाहा मेताक्मे ञिन्दा़ भिता़र तेको ओ़चो़क् केदा। आतो हो़ड़ आर संगठन दो़को मेनेत् काना जे नों़का बुझा़क् काना जे मेला समिति दो़जाहांयाक् दबाव रेय का़मीयेत् काना। ओना सांव-सांवते हिंजला़ मेला रेयाक् जाहां तिना़क् गे होडिंग आर बैनर लागाव आकाना ओनाको जो़तो़ रे संताल आदिवासीकोवाक् पूजा़ जायगा माराङ बुरु थान दो़ आयमा बो़छो़र मारेयाक् मेताक्मे आ़ड़-बुसुप् ते दाप् आकानाक् फेटो लागाव आकाना। मेला एहो़बो़क् माड़ा़ङ रे माराङ बुरु पूजा़वाय काना। उद्घा़उ तायो़म जो़तो़ अधिकारीको पूजा़येत् काना। बाडाय काथा काना जे बार बो़छो़र लाहा दुमका रेन विधायक आर माड़ा़ङ रेन मंत्रीबसंत सोरेनाक् कुरूमुटू ते माराङ बुरु थान दो़ संगमरमर तेकोनावां आरोवाकादा।

# हो़ड़ हो़पो़नाक् एनेच्-सेरेञ जोगाव बाञ्चाव ताहेंन इदीक् ला़गित्ले कुरूमुटू एदा

## हिजला मेला रे हेच् काते आ़डी रा़सका़ले आ़इका़वेत् काना



**खोबोरिया**

**दुमका।** संताल परगना रेयाक् नामडाक हिजला़ मेला दो़ 21 फ़रवरी हिलोक् खो़न एहो़प् आकाना आर 28 फ़रवरी हा़बिच् मेला दो़ होयोक्आ। नोआ नामडाक मेला दिसा़ रे आ़डी सा़गिञ-सा़गिञ रेन हो़ड़ ञेञेलको हिजुक् काना। मेला रे आयमा लेकान ञेलजो़ङ आर किरिञजो़ङान जिनिसको हों ञामो़क् काना। मेला रेयाक् का़मीहो़रा दो़ आयमा लेकान हापारावको ते होय पारो़मो़क् काना।लांगड़ें एनेच् हापाराव, काण्डा दाल पोसाक् हापाराव, दा़ड़ हापाराव, भितरी कला मंच आर बाहरे कला मंच रे एनेच् सेरेञ आखड़ाको हापाराव होयोक् काना। नोआ राजकीय जनजातीय हिजला मेला 2025 रेयाक् ओ़पसो़र रे आठवार हिलोक् होंको सेटेरेन आ़डी आयमा जायगा खो़न एनेच् दो़ल टीम रेन दो़ आकोवाक् एनेच् सेरेञको उदुक् सो़दो़र केदा। एनेच् टीम रेन आपान-आ़पिन हो़रो़क्आक् ड्रेस आर कुड़ीको दो़ पा़ञ्ची बान्दे काते साजाव सापड़ाव काते रा़सका़ आर कुसी सालाक् आकोवाक् एनेच् हुना़रको उदुक् सो़दो़र केदा। नोआ ताक रे हिजला मेला रे ञेञेलको हेच्एन हो़ड़को कुली बाड़ा़ केत्को रे हिजला़ रे हिजुक् मो़तलो़ब आपान-आ़पिन काथाको ला़ई केदा। मित्टेन एनेच् दो़ल रेन मा़न्दा़ड़िया़ बाबुधन हांसदा दो़य ला़ई केदा जे नोण्डे मेला रे आखड़ा आ़गू काते आ़डी रा़सका़ले आ़इका़उ एदा। आर नोवाले कुरूमुटूयेदा जेमो़न मो़ंज ते एनेच् सेरेञले उदुक् सो़दो़राको। कुली केदे रेय ला़ई केदा जे टीम रे 40 हो़ड़ले हेच् आकाना। आरहों मित्टेन एनेच् दो़ल रेन कुली केदे खान आच्आक् अनुभव काथा सांवतेय ला़ई केदा जे आले दो़ हिजला़ मेला रे एनेच् दो़ल आ़गू काते रा़सका़माले आटकारेत् कानो, सांवते आबो हो़ड़ हो़पो़नाक् आ़रीचा़ली एनेच् सेरेञ रूको जोगाव बाञ्चाव दो़हो़य ला़गित्ले कुरूमुटूयेत् काना। एनेच् आखड़ा रेन प्रियंका किस्कू मोहनपुर रेन हों हिजला रे हेच्एन रेयाक् मो़तलो़ब काथाय ला़ई केदा।





# ओ़लचिकी लिपि विरोध में ओडोङे ना माराङ रैली

## देवनागरी दो़ संतालकोवाक् बिसी जाङकानाः प्रो प्रदीनाथ हांसदा

## संताली पा़रसी दो़ देवनागरी ते गे पुस्टा़उ सालाक् दो़ ओ़ल दाड़ेयाक् कानाः डॉ प्रमोदिनी हांसदा

**खोबोरिया**

**दुमका।** संताल परगना स्टूडेंट यूनियन सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालयदुमका होतेते डीसी चौक दुमका खो़न कान्वेंशन हॉल एग्रो पार्क दुमका हा़बिच् मित् माराङ रैली आ़रीचा़ली तेयाक् हो़रो़क् बान्देन रेको ओडोङेना। ओना तायो़म मल्टीपर्पस हॉल एग्रो पार्क दुमका रे मित् माराङ सभा ओरामेना। रैली रेयाक् आसो़ल जो़स दो़ देवनागरी लिपि तेसंताली पा़रसी रेयाक् ओ़ल-पाड़हाव तेंगो दो़हो़य आर अवैज्ञानिक आर त्रुटिपूर्ण ओ़लचिकी लिपि दो़ जो़बो़रजुसटी बाङ लादेयाको रेयाक् ताहेंकाना। रैली दो़ संगठन रेन अध्यक्ष विमल मुर्मू, छात्र नेता दिलीप टुडू, आनंद हे ब्रम, सचिन कुमार सोरेन राजेश पौरिया, प्रेमलता मुर्मू एमान मिला़उ तेको आ़युर केदा। रैली दो़ अंबेडकर चौक रे डॉ बाबा साहेब आंबेडकराक् गो़ड़हो़न मुठा़न रे माला आराव काते एहो़प् एना। ओना तायो़म आसो़ल सो़ड़ो़क सेच् ते रैली दो़ डाहरावेना। नोआ रैली रेकोस सेलेत् एन पा़ठवा़ कोड़ा-कुड़ी दो़ देवनागरी लिपि जिंदाबाद, ओलचिकी लिपि नहीं चलेगा, एक ही पहचान एक ही स मान देवनागरी लिपि अपना मान, संताल परगना जिंदाबाद, संताली भाषा जिंदाबाद एमान रेयाक् आंदोड़को रा़गा़वेत्कान ताहेंकाना। रैली मुचा़त्एन तायो़म मल्टीपरपज हॉल एग्रो पार्क दुमका रे जो़तो़ हो़ड़को जारवायेना आर ओन्डे सभा रे बो़दो़लेना। संगठन रेन अध्यक्ष विमल मुर्मू दो़य मेन केदा जे संताली पा़रसी ला़गित् देवनागरी लिपि गे जो़तो़ खो़न मो़ंज लिपि काना मेनखान थोड़ा़गान हो़ड़ दो़ अवैज्ञानिक ओ़लचिकी रेयाक् आड रे आपनार राजनीतिक पिठा़को इसिनेत् काना।




सभा रे स्नातकोत्तर संताली विभाग रेन माराङ प्राध्यापिका आर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संताल टीचर एसोसिएशन रेन अध्यक्ष डॉ शर्मिला सोरेन दो़ संताल परगना रेयाक् भाषा दो़ मानक आर संताली भाषाय मेतावादा। उनी दो़य मेन केदा जे थोड़ा़ हो़ड़ दो़ विशेष लिपि रेयाक् आड रे बा़उलीबोन रेयाक्को कुरूमुटूया मेनखान आबो दो नोआ खो़न बाङ बा़उलीक् होयोक् ताबोना, बाडखान आबो दो़ आपनराक् जो़माक् गेबोन आत् उता़रा। आसो़ल वक्ता रूप रे गोड्डा कॉलेज गोड्डा रेन संताली विभाग रेन अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीनाथ हांसदा दो़ आ़डी मो़ंज आर वैज्ञानिक धारा ते ओ़लचिकी लिपि ते संताली भाषा रे होयोक्आक् लुकसान आर नोंडेनको हो़ड़ा़क् आगाम रे होयोक्आक् खतरा बाबो़त रे चिन्ता़य सो़दो़रकेदा।

# गिरिडीह रे मिनी माउजर फैक्ट्री रेयाक् बाडाय एना, तुरूई हो़ड़को साप् एना

**खोबोरिया**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस दो़ आठवार हिलोक् जिला रे मिनी माउजर फैक्ट्री रेयाक् ला़ई सो़दो़र तुलुच् तुरूई गो़टेच् अपराधीको साप् आकात्कोआ। पुलिस दो़ घो़टो़ना ठा़व खो़न मुटामुटी 31 पीस अर्धबेनाव माउजर रेयाक् बट साँवते आयमा एटाक् सामानको जाको़ड़ आकादा। जिला रेयाक् जमुआ थाना इलाका रेयाक् चपरयामो आतो रे बाडायेन माराङ सफलता तायो़म एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, एटीएस रेन डीएसपी विनोद रजवार घालो़क् पोनया थाना रेन थाना प्रभारी दो़ मित् ते प्रेसवार्ता कातेको ला़ई केदा जे जमुआ थाना इलाका रेयाक् चपरयामो आतो रे मोह मद दयसुद्दीन आयाक् ओड़ा़क् रे नोआ मिनी माउजर फैक्ट्री, चालावेत् ताहेंना। उकूचुकू काथा आधार रे एसडीपीओवाक् आ़युर रे एटीएस आर बंगाल एसटीफ छाडा पोनया थाना रेन पुलिस दो़ छापामार काते आयमा मिनी माउजर बेनाव रेयाक् सामानको जाको़ड़ आकादा। ला़ई केदाको साप् सामानको रे बारया मिसिन मेनाक्आ ओका दो़ जाहांटाक् एसआर ट्रेडिंग खो़न किरिञ आकाना। मित् लेथ मिसिन, ड्रिल मिसिन, 15 केवीए रेयाक् आयशर कंपनी रेयाक् डीजी जनरेटर आर 31 अर्धबेनाव माउजर रेयाक् मेड़हेंत् तेयार बट साँवते, गोली लोलोड मेड़हेंत् रेयाक् 10 पीस पिछला हिसा़, तुरूई पीस मेड़हेंत् कुटरा़, 31 पीस मेड़हेंत् रेयाक् पट्टी घालो़क् मित् बाइक ञाम आकाना। नोआ छाडा 17 हजार लोगोद टाका, मित् मोबाइलको साप् आकादा। एसपी दो़य ला़ई केदा जे दयसुद्दीन आयाक् ओड़ा़क् रे मिनी माउजर पिस्टल फैक्ट्री रेयाक् चालाव सांवते गो़क्डो़क्कोवाक् गो़ड़ो ते तेयार पिस्टल बिहार, झारखंड आर बंगाल रेको सप्लाईयेत् ताहेंना। नोआ रेयाक् दाम दो़ लाख ते मेनाक्आ। साप्एन बोदमासको रे दयासुद्दीन सांवते बिहार रेयाक् मुंगेर रेन मोह मद इमरान, मोह मद शकील, मोह मद अफ़रोज आर मुंगेर रामनगर थाना इलाका रेयाक् सफ़ियाबाद रेन रूपेश शर्मा सेलेत् मेनाक्कोआ। एसपी दो़य ला़ई केदा जे मोह मद सोनू, मोह मद सोनू, मोह मद इमरान खिलाफ बिहार रेयाक् खुसरूपुर थाना रे लाहा खो़न आ र्स एक्ट रेयाक् केस दर्ज मेनाक्आ। मोह मद सोनू खिलाफ हों आ र्सएक्ट रेयाक् केस नोआ थाना रे दर्ज मेनाक्आ। अफ़रोज खिलाफ बांका रे ऑ र्स एक्ट रेयाक् केस दर्ज आकाना।



# हिजला मेला खेलकूद महोत्सव के म्यूजिकल चेयर में कनक लता और मटका फोड़ में सजोली ने जीती बाजी

- गोली चम्मच और सूई धागा दौड़ में स्वर्ण तारिका और दीपिका अव्वल
- 50 और 100 मी. दौड़ में संतरी और तृप्तिलता ने लगाई सबसे तेज दौड़
- तीरंदाजी में अजय ने लगाया सबसे सटीक निशाना





**संतला एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के अंतर्गत हिजला मेला परिसर में रविवार को पुरुष तथा विभिन्न आयु वर्ग के महिलाओं के लिए राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति दुमका के तत्वावधान में कई प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया।प्रतियोगिता में बड़ी तादाद में ग्रामीण क्षेत्र से आये बच्चियों एवं महिलाओं सहित पुरुषों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

12 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए आयोजित 50 मीटर की दौड़ में संतरी हेम्ब्रम, रौशनी मरांडी तथा लक्ष्मी कुमारी 14 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए आयोजित सुई धागा दौड़ में दीपिका कुमारी ,नीलम मरांडी तथा एलिसा सोरेन,जलेबी दौड़ में बिजली हेम्ब्रम, दीपिका कुमारी तथा सपना मरांडी, गोली चम्मच दौड़ में स्वर्णतारिका मुर्मू, शर्मिला मुर्मू तथा सुमन बास्की,100 मीटर की दौड़ में तृप्तिलता हांसदा , बिजली हेम्ब्रम तथा मर्शिला मुर्मू जबकि महिलाओं के लिए आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता में संजोली हेम्ब्रम, गिनी मरांडी तथा सोना मुनि हेम्ब्रम,म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कहां कनकलता बास्की, संगीता हांसदा तथा तथा सुनीता हांसदा क्रमशः पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुषों के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में अजय सोरेन , जयराम हांसदा तथा गोविंद हांसदा क्रमशः पहले से तीसरे स्थान पर रहे।

सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि राजकीय जनजातीय हिजला मेला आयोजन समिति के सचिव प्रशिक्षु आइ ए एस सह अनुमंडलाधिकारी दुमका अभिनव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद स्थापना उपसमाहर्ता दुमका अब्दुल समद,सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दुमका महेंद्र मांझी,जिला खेलकूद पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, अंचलाधिकारी दुमका अमर कुमार एवं अंचलाधिकारी जामताड़ा अभीश्वर मुर्मू ने नकद तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजन की सफलता में गोविंद प्रसाद, वरुण कुमार,अरविंद कुमार,मदन कुमार, अमरनाथ चौधरी,मुकेश कुमार, देवीधन टुडू,जयराम शर्मा, संदीप कुमार जय, संतोष गोस्वामी,विद्यापति झा,शिशिर कुमार घोष, हैदर हुसैन,डॉ रुपम कुमारी, वंशीधर पंडित,ज्ञान प्रकाश,निर्मल हांसदा, विनय कुमार सिंह,अमित कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा,देवीधन टुडू,सुशील हेम्ब्रम, रंजन मुर्मू,असीम हेम्ब्रम ,राजेश हेम्ब्रम,अग्नेश मुर्मू,ललित कुमार झा, मंतोष कुमार तिवारी,आशीष रंजन भारती,सुनेन्दु सरकार आदि की भूमिका सराहनीय रही।




## कटहरा में आग लगने से सामान जलकर खाक



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहरा गांव में एक मजदूर के घर में आग लगने से दैनिक उपयोग के सभी सामान सहित पूरा घर जलकर खाक हो गया। पीड़ित गृहस्वामी का नाम अनिल यादव बताया जाता है। यह घटना शनिवार देर शाम की है।घर में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना में पीड़ित परिवार की गृहस्थी का सारा सामान, नगदी, अन्न, बर्तन आदि सभी सामग्री सहित पूरा घर जलकर खाक हो गया है। आगलगी के बाद ग्रामीणों की सक्रियता से आग को अन्य घरों में फैलने से रोका गया। पीड़ित परिवार मजदूरी करके जीवन यापन करता है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के पास न तो सिर छुपाने के लिए छत बची है और न गुजारे के लिए जरूरत के सामान। पीड़ित गृहस्वामी अनिल यादव एवं उसके स्वजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति खाक



**रानीश्वर (दुमका) ।** मसानजोड़ थाना क्षेत्र के बागनल के गितीलपाड़ा गांव में रविवार सुबह खाना बनाने के क्रम में फूलमुनी के घर में आग लग गई। आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने मसानजोड़ थाना प्रभारी अवधेश कुमार को दिया। घटना की सूचना थाना प्रभारी अवधेश कुमार को मिलते ही दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे वहां के ग्रामीण आग पर कुछ काबू पा लिया था लेकिन थाना प्रभारी ने दमकल मंगाकर पूर्ण रूप से आग को बुझाया थाना प्रभारी ने दमकल मंगाकर अन्य घरों को भी जलने से बचा लिया है। गृहस्वामी फूलमुनी मुर्मू के बड़े पुत्र आयसोन मरांडी ने बताया है कि घर में रखा सारा पुआल,धान,चावल, सारा कपड़ा एवं अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया है आयसोन ने बताया कि कुल 30 हजार का सामान जलकर खाक हो गया है।

## बिहार व प. बंगाल के लेखक एवं शोधार्थी ने किया संथाल काटा पोखर का परिदर्शन



**दुमका ।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता के अध्यापक एवं शोधार्थी डा तन्मय वीर ,रिद्ध साहित्य पत्रिका के संपादक रतन कुमार घोष ,सीमांत संवाद पत्रिका के संपादक संजय पाल एवं बिहार बंगाली समिति, पटना के सचिव सह बिहार हेराल्ड अंग्रेजी पत्रिका के संपादक विद्युत पाल ने यहां अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की कार्यक्रम में भाग लेने आकर रानीश्वर प्रखंड के दिगुली स्थित संथाल काटा पोखर पंहुच कर संथाल बिद्रोह के अमर शहीद आंदोलनकारियों को नमन किया है । 1855 के संथाल विद्रोह के समापन के मार्मिक इतिहास से जुड़ा मयूराक्षी नदी के आम जोड़ा घाट एवं दिगुली के संथाल काटा पोखर का जायजा लिया है। उन बुद्धिजीवियों के साथ उस पोकर के इतिहासकार गौतम चटर्जी मौजूद थे । गौतम ने बताया है कि संथाल विद्रोह के समापन के उस मार्मिक इतिहास को 165 साल तक इतिहास में जगह नहीं मिला था । सर्वप्रथम बर्ष दो हजार में झारखंड बंगभाषी जागरण में संथाल काटा पोखर का संक्षिप्त इतिहास प्रकाश हुई थी । दुमका के पूर्व उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के प्रयास से संथाल काटा पोखर धरोहर के रूप में विकसित हुआ है ।

## थाना प्रभारी ने किया बैंक मित्र के साथ बैठक

**मसलिया ।** मसलिया थाना प्रांगण में रविवार को थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंक मित्र एवं भीएलई सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में बारी बारी से सभी बैंक मित्रो से ग्राहक सेवा केंद्र में सुरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त किए। थाना प्रभारी श्री प्रजापति ने उपस्थित बैंक मित्रो से कहा कि आप अपने केंद्र की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा, कैश काउंटर के सामने सुरक्षा ग्रील लगाए। जो एक सप्ताह से दस दिन के भीतर लगा लेना है। दस दिन के बाद प्रत्येक केंद्र जाकर निरीक्षण करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि आप लोग बैंक शाखा से केश ले जाते समय सावधानी बरतते हुए आस पास नजर रखे कि कोई आपका पीछा तो नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति प्रशासन को तुरंत सूचित करे। इसके लिए सभी बैंक मित्रो की अपना मोबाइल नंबर भी दिए। उन्होंने आगे कहा कि अनजान व्यक्ति को पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही लेन देन करे। उन्होंने कहा कि अपना केंद्र निर्जन स्थान पर नहीं चलाए। केंद्र को गांव के भीतर सुरक्षित स्थान पर ही चलना सुनिश्चित करे। बैठक में अनूप रूज, सुमन दास, जगदीश टुडू, राजेश पंडित,प्रदीप राय, कृष्णा पाल, रणजीत पाल, मुस्ताक आलम, जयंत यादव,सुजीत मरांडी, नारायण पाल, जीवेश कुमार, सचिन कुमार ठाकुर, मिलन कुमार मंडल आदि अनेक उपस्थित रहे।

## हिजला मेला में ट्राइबल फूड, मरुवा कुकीज़ और किसान उत्पादक कंपनी के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव में जे एस एल पी एस के दीदियों के माध्यम से रविवार को ट्राइबल फूड स्टॉल और मरुवा कुकीज़ स्टॉल लगाया गया है, जो मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

साथ ही, जे एस एल पी एस समर्थित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी संथाल परगना महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा भी एक स्टॉल लगाया गया है, जिसमें लेमन ग्रास डिस्टिलेशन मॉडल और पोल्ट्री फार्मिंग से संबंधित प्रस्तुतियां दी गई हैं। यह स्टॉल किसानों और दीदियों को नई आजीविका के अवसर और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

## हिजला मेला महोत्सव में दीदियों का परिभ्रमण



**दुमका ।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के दौरान झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा जिले के सभी प्रखंडों से प्रतिदिन क्लस्टरवार समूह की दीदियों को किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में परिभ्रमण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दीदियों को कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन में नवीनतम तकनीकों और नए आजीविका के अवसरों से परिचित कराना है। विशेषज्ञों ने दीदियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकें।

## हिजला मेला में दर्शकों की उमड़ भारी भीड़



**खोबोरिया**

**दुमका।** छुट्टी के दिन रविवार को दुमका में आयोजित हिजला मेला में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आदिवासियों के साथ-साथ गैर आदिवासियों की भी भारी भीड़ देखने को मिली। आदिवासी महिलाएं परंपरागत हरे रंग की साड़ी और अपने बालों में फूलों की सजावट के साथ मेला घूमते दिखाई पड़ीं। आदिवासी महिलाओं ने मेला देखने और खरीदारी करने तथा मेला में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने की होड़ मची रही । पूरा मेला परिसर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं तथा कवि सम्मेलन को लेकर विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। शनिवार को पारंपरिक नृत्य एवं खेलकूद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रविवार को कवि सम्मेलन जादोपटिया प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, खो-खो प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुई। वहीं सोमवार को होने वाली कार्यक्रम में भारोतोलन, कुश्ती, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चदर बादोनी कार्यक्रम होगी।



## बासुकीनाथ मंदिर के शीर्ष पर स्थापित कलश, त्रिशूल,पंचशूल आज उतारा जाएगा

**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** बाबा बासुकीनाथ धाम में महाशिवरात्रि को लेकर आज सोमवार को मंदिर के शीर्ष पर स्थापित भोलेनाथ का रजत त्रिशूल,पंचशूल,कलश और ध्वज आदि उतारा गया। बाबा बासुकीनाथ मंदिर के गुंबद पर स्थापित चांदी से निर्मित ये त्रिशूल, पंचशूल, कलश, ध्वज एवं अन्य आयुधों को साफ सफाई के बाद आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन पुनः स्थापित किया जाएगा। बता दें कि बासुकीनाथ मंदिर के गुंबद से उतारे गए इन त्रिशूल आदि आयुधों को स्थापित करने से पूर्व बुधवार को इनकी विधि विधान से बाबा मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद पुनः मंदिर के शीर्ष पर स्थापित किया जाएगा। वर्ष में एक बार महाशिवरात्रि पर बाबा मंदिर के गुंबद से त्रिशूल पंचशूल को सफाई के लिए उतारा जाता है। मान्यता है कि त्रिशूल और पंचशूल के दर्शन व स्पर्श मात्र से श्रद्धालुओं के कष्ट दूर होते हैं और सौभाग्य मिलता है। सभी बिगड़े काम बन जाते है।



**25 फरवरी मंगलवार को संयत के दिन से शिवविवाह की शुरुआत होगी**

बाबा बासुकीनाथ धाम में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर आगामी 26 फरवरी बुधवार को धूमधाम से शिवविवाह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बासुकीनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरुआत 25 फरवरी मंगलवार को लावा कांसा की रस्म से होगी। 25 फरवरी मंगलवार को विदकरी के द्वारा बासुकीनाथ मंदिर में मिट्टी के चूल्हे पर लावा-कांसा भूंजकर शिवविवाह के लिए हरिद्रालेपन का उबटन तैयार किया जाएगा। लावा कांसा की इस रस्म के दौरान श्रद्धालु महिलाओं द्वारा विवाह के मांगलिक गीत गाए जाते हैं। मंदिर प्रांगण में हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्त्री पुरूष जुटते है। बाबा व माता पार्वती को हरिद्रालेपन किया जाता है और रात्रि में अधिवास पूजन होता है।

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बाबा बासुकीनाथ और माता पार्वती का विवाह धूमधाम से किया जाएगा।

## गंगा आरती की शंख, घंटी की ध्वनि और दीपकों की लौ से उत्पन्न छटा देख श्रद्धालु हो रहे भाव विभोर

**संवाददाता**

**सरैयाहाट।** हंसडीहा शिव मंदिर परिसर में बनारस की तर्ज पर पिछले कई दिनों से चल रहे ग्यारह दिवसीय गंगा आरती की शंख, घंटी की ध्वनि और दीपकों की लौ से उत्पन्न छटा देख रोजाना श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। आचार्य ओमप्रकाश महाराज के देखरेख में काशी से पुरोहितों के द्वारा गंगा आरती का आयोजन मंत्रोच्चार और विधि विधान से हो रहा है। हंसडीहा में पहली बार गंगा आरती के आयोजन में लोग बड़ी संख्या स्वतः पहुंच रहे हैं। आरती की गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया है। गंगा आरती के भक्ति भजन और रूद्राभिषेक के साथ शिव महापुराण कथा का आयोजन शिवरात्रि उत्सव को लेकर आयोजित किया गया है। शिव महापुराण के छठे दिन कथा वाचक आचार्य ओमप्रकाश महाराज ने कहा कि शिव महापुराण कथा श्रवण व शिव भक्ति के लिए पहले अहंकार दूर करना होगा। क्योकि जब तक अहंकार होता है तक भोलनाथ प्रसन्न नही होते है। जिस प्रकार आदि देव महादेव को भोलेनाथ कहा जाता है उसी उनको भक्त भी भोले पसंद है। जब तक अहंकार दूर नही होगा तब तक शिव की भक्ति प्राप्त होना कठिन है। आयोजन समिति के द्वारा रोजाना श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।



## कुरुवा पंचायत की मुखिया ने नहीं बांटे कंबल, ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**जामा (दुमका)** जामा प्रखंड क्षेत्र के आसनसोल कुरुवा पंचायत अन्तर्गत तीनघरा गांव के ग्रामीणों ने पंचायत की मुखिया रासमुनी हेंब्रम पर सरकार द्वारा आवंटित कंबल का वितरण नहीं करने का आरोप लगाया है। तीनघरा के ग्रामीणों ने बताया कि ठंढ समाप्त हो गया लेकिन जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण नहीं किया गया। जबकि हर साल हर गरीब,जरूरत मंद परिवारों को ठंड से बचाव हेतु कंबल दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिवालय के चक्कर लगाने पर भी मुखिया से मुलाकात नहीं होती। मुखिया से मुलाकात के लिए देवघर जिला के पालोजोरी स्थित मुखिया के आवास में जाना पड़ता है। तीनघरा गांव के ग्रामीण शिवनारायण मिस्त्री, भगरु राय,गोपाल यादव, बुनोवती देवी, नुनलाल मिस्त्री, मुलोवती देवी, रामजीवन खिरहर , सीताराम खिरहर, जगदेव मंडल आदि सभी ग्रामीणों ने समय पर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं पंचायत सचिवालय में प्रत्येक गुरुवार को जनता दरबार लगाने की मांग की है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686